आर्थिक समीक्षा
Economic Review
1996-97

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

आर्थिक समीक्षा
Economic Review
1996-97

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना भवन, राजस्थान, जयपुर
DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS, YOJANA BHAVAN, RAJ., JAIPUR

प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा राज्य विधान सभा में राज्य बजट से पूर्व प्रस्तुत किये जाने वाला बजट से सम्बन्धित एक प्रलेख है। प्रस्तुत "आर्थिक समीक्षा 1996-97" जो कि इस श्रृंखला का तीसरा प्रकाशन है, में राज्य अर्थव्यवस्था के वृहद् परिदृश्य तथा राज्य में क्रियान्वित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को रचनात्मक एवं तुलनात्मक ढंग से परिलक्षित करने का प्रयास किया गया है।

मैं आशा करता हूँ कि यह प्रकाशन जन प्रतिनिधियों, राजकीय विभागों, संगठनों, शिक्षाविदों एवं राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुचि रखने वाले सभी व्यक्तियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

(भैरों सिंह शेखावत)
मुख्य मंत्री

Foreword

The Economic Review is Budget related document, presented in the Rajasthan Legislative Assembly in advance before the State's Budget. The present "Economic Review - 1996-97" is the 3rd edition in the series by which an attempt has been made to depict the macro level review of the economy as well as various programmes being implemented in the State in a dynamic and comparative framework.

I hope this publication will prove useful to public representatives, Government Departments, organisations, academicians and all those who are interested in Socio-Economic Development of the State.

(Bhairon Singh Shekhawat)
Chief Minister

भूमिका

आर्थिक समीक्षा, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रतिवर्ष नियमित रूप से प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तुत "आर्थिक समीक्षा 1996-97" राज्य की अर्थ व्यवस्था के वृहद परिदृश्य, आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण सूचकों को रेखाचित्रों एवं मानचित्रों के द्वारा एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रगति को प्रदर्शित करता है।

मैं उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने इस प्रकाशन को समय पर तैयार करवाने में अपना योगदान दिया है।

मुझे विश्वास है कि यह प्रकाशन शोधकर्ताओं एवं उन सभी संस्थाओं जो राज्य के सामाजिक, आर्थिक विकास कार्य में संलग्न हैं, के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

(एम. के. खन्ना)
शासन सचिव,
आयोजना विभाग,
राजस्थान।

INTRODUCTION

The Economic Review is brought out by the Directorate of Economics & Statistics, Rajasthan, regularly every year. The present "Economic Review 1996-97" presents macro level overview of economy of the State, important indicators of economic growth along with charts and graphs and progress of important activities of various departments of the State.

I am grateful to all those who have made efforts in bringing out this publication in time.

I am sure this publication will be useful for research scholars and all those institutions engaged in the work of Socio-Economic Development of the State.

(M. K. Khanna)
Secretary to Government,
Planning Department,
Rajasthan.

विषय-सूची

CONTENTS

पृष्ठ संख्या
Page No.

I. आर्थिक समीक्षा
1996-97

	– आर्थिक विकास के मुख्य सूचक	i-v
1.	सामान्य पुनरावलोकन	1
	– वृहद् आर्थिक परिदृश्य	
2.	राज्य घरेलू उत्पाद एवं वित्त	7
	2.1 राज्य घरेलू उत्पाद	
	2.2 अष्टम् पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना 1996-97	
	2.3 बैंकिग	
3.	मूल्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली	12
	3.1 थोक मूल्य सूचकांक	
	3.2 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	
	3.3 सार्वजनिक वितरण प्रणाली	
4.	उद्योग एवं खनिज	15
	4.1 उद्योग	
	4.2 खादी एवं ग्रामोद्योग	
	4.3 कारखाना एवं बॉयलर्स	
	4.4 खनिज	
	4.5 श्रम	
	4.6 रोजगार	
5.	कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र	21
	5.1 मानसून	
	5.2 कृषि उत्पादन	
	5.3 कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन	
	5.4 सिंचाई	
	5.5 पशु पालन	
	5.6 दुग्ध विकास	
	5.7 भेड़ पालन	
	5.8 मत्स्य पालन	
	5.9 वन	
	5.10 वन्य जीव संरक्षण	

	पृष्ठ संख्या **Page No.**
6. आधारभूत ढांचागत विकास	28
6.1 विद्युत	
6.2 गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत-रेडा	
6.3 परिवहन एवं संचार	
— सड़क	
— सड़क परिवहन	
7. सामाजिक आधारभूत विकास	32
7.1 मानव संसाधन विकास	
7.2 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	
7.3 परिवार कल्याण	
7.4 जल-आपूर्ति	
7.5 आवास	
7.6 पिछड़ी जातियों का कल्याण	
7.7 समाज कल्याण	
7.8 महिला एवं बाल कल्याण	
8. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज	39
8.1. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम	
8.2 आधारभूत ढांचे का विकास एवं रोजगार सृजन के कार्यक्रम	
8.3. क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम	
8.4 सिंचाई क्षमता सृजन एवं ऊर्जा विकास के कार्यक्रम	
9. अन्य कार्यक्रम	41
9.1 बीस सूत्री कार्यक्रम	
9.2 अकाल/ बाढ़ राहत	
9.3 अल्प बचत	
10. राजस्थान में किये गये आर्थिक सुधार	43
10.1 वाणिज्य कर	
10.2 अन्य कर	
10.3 ऊर्जा क्षेत्र	

II. आर्थिक स्थिति की तालिकाएं
TABLE OF ECONOMIC SITUATION

1. राजस्थान की राज्य आय औद्योगिक उद्भव प्रचलित कीमतों पर एवं प्रतिशत विभाजन State Income of Rajasthan by industrial origin at current prices and percentage distribution	46

पृष्ठ संख्या
Page No.

2.	राजस्थान की राज्य आय औद्योगिक उद्भव स्थिर (1980-81) कीमतों पर एवं प्रतिशत विभाजन State income of Rajasthan by industrial origin at constant (1980-81) prices and percentage distribution	48
3.	राजस्थान में कृषि उत्पादन का सूचकांक Index Numbers of Agricultural Production in Rajasthan	50
4.	औद्योगिक उत्पादन Industrial Production	54
5.	राजस्थान के थोक भाव सूचकांक Indices of Wholesale Prices in Rajasthan	56
6.	उपभोक्ता भाव सूचकांक Indices of Consumer Price	58
7.	राजस्थान में अकाल/अभाव स्थिति से हुई क्षति Loss due to Famine/Scarcity condition in Rajasthan	60
8.	राज्यवार महत्वपूर्ण आर्थिक सूचक Statewise Important Economic Indicators	61

III. ECONOMIC REVIEW 1996-97

– Key Indicators of Economic Development 68

1. General Review 73
   – Macro Economic Overview
2. State Domestic Product and Finance 84
   - 2.1 State Domestic Product
   - 2.2 Eighth Five Year Plan and Annual Plan 1996-97
   - 2.3 Banking
3. Prices and Public Distribution System 92
   - 3.1 Wholesale Price Index Numbers
   - 3.2 Consumer Price Index Numbers
   - 3.3 Public Distribution System

		पृष्ठ संख्या **Page No.**
4.	Industries and Mines	96
	4.1 Industries	
	4.2 Khadi and Village Industries	
	4.3 Factories and Boilers	
	4.4 Mines and Minerals	
	4.5 Labour	
	4.6 Employment	
5.	Agriculture and Allied Sectors	107
	5.1 Monsoon	
	5.2 Agriculture Production	
	5.3. Agriculure Extension and Input Management	
	5.4 Irrigation	
	5.5 Animal Husbandry	
	5.6 Dairy Development	
	5.7 Sheep Husbandry	
	5.8 Fisheries	
	5.9 Forestry	
	5.10 Preservation of Wild Life	
6.	Basic Infrastructural Development	118
	6.1 Power	
	6.2 Non-conventional Sources of Energy - REDA	
	6.3 Transport and Communication	
	– Roads	
	– Road Transport	
7.	Social Infrastructural Development	123
	7.1 Human Resource Development	
	7.2. Medical and Health	
	7.3 Family Welfare	
	7.4 Water Supply	
	7.5 Housing	
	7.6 Welfare of Backward Classes	
	7.7 Social Welfare	
	7.8 Development of Women and Children	

	पृष्ठ संख्या Page No.
8. Rural Development and Panchayati Raj	135
8.1 Poverty Alleviation Programmes	
8.2 Development of Infrastructure and Generationa of Employment Programme	
8.3 Area Development Programme	
8.4 Irrigation Potential and Energy Development	
9. Other Programmes	139
9.1 Twenty Point Programmes	
9.2 Famine/ Flood Relief	
9.3 Small Savings	
10. Economic Reforms in Rajasthan	142
10.1 Commercial Taxes	
10.2 Other Taxes	
10.3 Power Sector	

❖ ❖ ❖

आर्थिक समीक्षा
1996-97

आर्थिक विकास के मुख्य सूचक

विवरण	इकाई	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97 (प्रावधानिक)
1	2	3	4	5	6
1. सकल घरेलू उत्पाद	करोड़ रू.				
(अ) प्रचलित कीमतों पर		28342	34978	38598	44881
(ब) स्थिर (1980-81) कीमतों पर		9492	11174	11273	12420
2. सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आधार पर आर्थिक वृद्धि दर	प्रतिशत				
(अ) प्रचलित कीमतों पर		4.08	23.41	10.35	16.28
(ब) स्थिर (1980-81) कीमतों पर		(-) 6.87	17.72	0.89	10.17
3. सकल राज्य घरेलू उत्पाद का स्थिर (1980-81) मूल्यों पर योगदान	प्रतिशत				
(अ) प्राथमिक		40.32	44.35	41.51	43.85
(ब) द्वितीयक		23.46	21.74	23.15	22.46
(स) अन्य सेवायें (तृतीयक)		36.22	33.91	35.34	33.69
4. शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद	करोड़ रु.				
(अ) प्रचलित कीमतों पर		24596	30641	33705	39460
(ब) स्थिर (1980-81) कीमतों पर		8329	9917	9936	11021
5. प्रति व्यक्ति आय	रुपये				
(अ) प्रचलित कीमतों पर		5287	6452	6958	7992
(ब) स्थिर (1980-81) कीमतों पर		1790	2088	2051	2232
6. कृषि उत्पादन सूचकांक आधार (1979-82=100)	सूचकांक	156.59	228.80	211.77	N.A.
7. कुल खाद्यान्न उत्पाद	लाख टन	70.55	117.10	95.66	127.02
8. औद्योगिक विनिर्माण उत्पाद सूचकांक (आधार 1970=100)	सूचकांक	309.86	316.44	327.03	निर्माणाधीन

चयनित मुख्य सूचक

सकल घरेलू उत्पाद



विद्युत उत्पादन



सकल घरेलू उत्पाद में वृहद् क्षेत्रों का प्रतिशत

स्थिर (1980-81) कीमतों पर



सामान्य थोक भाव सूचकांक

(आधार 1952-53 = 100)



कुल खाद्यान्न उत्पादन



अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक साख



1		2	3	4	5	6
9.	सामान्य थोक भाव (आधार 1952-53=100)	सूचकांक				
	(अ) सूचकांक		1668.7	1827.61	1885.77	2038.82
	(ब) प्रतिशत वृद्धि		2.83	9.52	3.18	8.12
10.	औद्योगिक श्रमिकों के लिए सामान्य उपभोक्ता सूचकांक (आधार 1982=100)	सूचकांक				
	(अ) जयपुर केन्द्र		245	269	291	321
	(ब) अजमेर केन्द्र		253	280	305	332
11.	विद्युत उत्पादन (उत्पादन+क्रय)	मिलियन यूनिट	15399.97	16423.50	19171.24	18727.65
	प्रतिशत वृद्धि	प्रतिशत	5.00	6.65	16.73	(-) 2.31
12.	वाणिज्यिक बैंक साख (सितम्बर तक)	करोड़ रु.	3912.00	4210.00	4955.00	5650.00
	प्रतिशत वृद्धि	प्रतिशत	11.55	7.62	17.70	14.03

\+ थोक भाव सूचकांक/उपभोक्ता सूचकांक कलैण्डर वर्ष पर आधारित है।

नोट :- सकल/शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद एवं इस पर आधारित आर्थिक वृद्धि दर तथा स्थिर (1980-81) मूल्यों पर उसके प्रतिशत योगदान, से संबंधित समंक वर्ष 1993-94, 1994-95 (प्रावधानिक), 1995-96 के त्वरित एवं 1996-97 के अग्रिम अनुमानों के आधार पर है।

प्रति व्यक्ति आय


प्रचलित कीमतों पर
रुपये
8000
7500
7000
6500
6000
5500
5000
1993-94
94-95
95-96
96-97
स्थिर (1980-81) कीमतों पर
रुपये
2300
2200
2100
2000
1900
1800
1700
1993-94
94-95
95-96
96-97

1. सामान्य पुनरावलोकन 1996-97

वृहद आर्थिक परिदृश्य :

राजस्थान राज्य भारत के उत्तर पश्चिमी भाग में स्थित है और इसकी भौगोलिक सीमाएं पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश व गुजरात राज्यों से जुड़ी हुई हैं। राज्य की एक लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान से लगी हुई है। मध्यप्रदेश के बाद राजस्थान देश का दूसरा सबसे बड़ा प्रदेश है जिसका क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग कि.मी. है। प्रशासनिक दृष्टि से राजस्थान राज्य 31 जिलों में विभाजित किया गया है तथा ये जिले पुन: 100 उपखण्डों तथा 229 तहसीलों में विभक्त हैं।

राजस्थान की प्रमुख विशेषताएं निम्न सारणी में दर्शायी गई हैं :-

तालिका 1.1

मद		वर्ष	इकाई	विवरण
1.	क्षेत्रफल	1991	लाख वर्ग कि.मी.	3.42
2.	जिले	1996	संख्या	31
3.	उपखण्ड	1996	संख्या	100
4.	तहसीलें	1996	संख्या	229
5.	जिला परिषदें	1996	संख्या	31
6.	पंचायत समितियां	1996	संख्या	237
7.	ग्राम पंचायतें	1996	संख्या	9185
8.	कुल गांव	1991	संख्या	39810
9.	कुल आबाद गांव	1991	संख्या	37889
10.	कुल कस्बे	1991	संख्या	222

राजस्थान की स्थलाकृति में विश्व की सबसे पुरानी पर्वतमाला "अरावली" पहाड़ियों की प्रमुखता है। अरावली पर्वत राज्य के मुख्य भाग से होती हुई 692 कि.मी. तक फैली हुई है। इसके अलावा राज्य का एक बड़ा भू-भाग रेगिस्तानी है।

1991 की जनगणना के अनुसार राज्य की जनसंख्या 4.40 करोड़ है, जो कि देश की कुल जनसंख्या का 5.20 प्रतिशत है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का क्रमश: 17.29 प्रतिशत व 12.44 प्रतिशत है, जबकि देश में इनका प्रतिशत क्रमश: 16.33 व 8.01 है।

राज्य की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है एवं देश की तुलना में राज्य में जनसंख्या की वृद्धि दर अधिक है। राज्य व राष्ट्र की जनसंख्या एवं उसमें हुई दशक वृद्धि दर की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में दर्शायी गई है।

तालिका 1.2

वर्ष	जनसंख्या (लाखों में)		दशक वृद्धि दर (प्रतिशत)	
	राजस्थान	भारत	राजस्थान	भारत
1951	160	3611	15.20	13.31
1961	202	4392	26.20	21.51
1971	258	5482	27.83	24.80
1981	343	6843	32.97	24.66
1991	440	8463	28.44	23.56

राज्य के जनसंख्या घनत्व में क्षेत्र दर क्षेत्र काफी भिन्नता है। राज्य का जनसंख्या घनत्व 129 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है, जबकि यह मरुथलीय क्षेत्र में 84 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. तथा अन्य क्षेत्रों में 203 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।

राजस्थान विविधताओं वाला प्रदेश है। राज्य का पश्चिमी एवं उत्तर पश्चिमी भाग जिसमें 11 जिले सम्मिलित हैं, यह कुल क्षेत्रफल का 61.11 प्रतिशत है तथा यह भाग भारत का महान् रेगिस्तान "थार" के नाम से जाना जाता है। राज्य के इस मरु भाग में 39.79 प्रतिशत आबादी निवास करती है। दक्षिण में 5.85 प्रतिशत क्षेत्रफल जो कि जनजातीय क्षेत्र है, उसमें 8 प्रतिशत व्यक्ति निवास करते हैं तथा शेष भाग जो कि 33.04 प्रतिशत है उसमें 52.21 प्रतिशत व्यक्ति निवास करते हैं।

सामान्य तौर पर देश के अन्य भागों की अपेक्षा राज्य की जलवायु शुष्क है। राज्य में वर्षा की कमी के कारण निरन्तर अकाल की स्थिति बनी रहती है। राज्य में वर्षा का औसत 58.64 से.मी. है, लेकिन शुष्क व अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों में यह औसत और भी कम है।

राजस्थान एक कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की अर्थ व्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। कुल राज्य आय का 40 प्रतिशत से अधिक भाग कृषि एवं उससे संबद्ध कार्यकलापों से उपलब्ध होता है। कृषि उत्पादन में सिंचाई का सर्वाधिक महत्व है। राज्य में सतही जल स्रोतों की कमी है। वर्षा की अपर्याप्तता तथा विषम वितरण के कारण भूमिगत-जलस्तर नीचे जा रहा है। इससे कृषि में वर्षा का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। राज्य में कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

वर्ष 1996 में वर्षा का आगमन कुछ विलम्ब से होने के बावजूद राज्य में अच्छी वर्षा हुई, जिससे खाद्यान्न व तिलहन उत्पादन में वर्ष 1996-97 के दौरान भारी वृद्धि की आशा है। वर्ष 1995-96 में 95.66 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में वर्ष 1996-97 में 127.02 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। वर्ष 1996-97 में तिलहन का उत्पादन 40.94 लाख टन होने का अनुमान है जो कि पूर्व वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है।

देश के कुल भू-भग में राज्य का भाग 10.40 प्रतिशत है, जबकि सतही जल का भाग देश के जल की तुलना में केवल 1.04 प्रतिशत ही है। इस दृष्टि से राज्य में जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है। राज्य सरकार जल की उलपब्धता बढ़ाने हेतु भरसक प्रयत्न कर रही है। कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में जल बचत के साधन अपनाकर जल उपयोग में मितव्ययता एवं सदुपयोग पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। सरकार का यह भी प्रयत्न है कि अन्तर्राज्यीय जल बंटवारे में राज्य को प्राप्त जल का समुचित उपयोग किया जावे।

इस समय श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर जिलों को इंदिरा गांधी नहर से पानी मिल रह है जबकि चंबल के पानी से कोटा, बारां, बूंदी एवं सवाई माधोपुर जिलों की जलापूर्ति होती है। माही बजाज सागर परियोजना के चालू होने से बांसवाड़ा जिले की जलापूर्ति में बढ़ोतरी हुई है। राज्य के पूर्वी भाग को जलापूर्ति अब यमुना जल से होने लगी है जबकि जालौर और बाड़मेर जिलों के क्षेत्र नर्मदा परियोजना से लाभान्वित होंगे।

राजस्थान में पिछले कुछ वर्षों से उत्पन्न हुई औद्योगिक लहर ने एक नये औद्योगिक मार्ग को प्रशस्त किया है। राज्य सरकार ने एक "औद्योगिक नीति 1994" तैयार की है जिससे राज्य में निवेश का वातावरण बना है तथा राज्य में स्थापित होने वाले नये उद्योगों को आकर्षक प्रोत्साहन, सुविधाएं एवं रियायतें प्राप्त हुई हैं।

राज्य में औद्योगिक विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा नियमों एवं कार्यविधि में सुधार एवं सरलीकरण, त्वरित आदानों को सुनिश्चित करने, आधारभूत ढ़ाचें के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने, रोजगारोन्मुखी एवं ग्रामीण उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहन देने जैसे अनेक उपाय किये गये हैं, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में 1920.38 करोड़ रुपये के निवेश से अब तक 1,82,828 लघु औद्योगिक एवं दस्तकार इकाईयां पंजीकृत हो चुकी हैं, तथा जिनमें 7.08 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

राजस्थान राज्य में औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगीकरण हेतु अहम् भूमिका अदा कर रहा है। रीको, औद्योगीक क्षेत्रों के विकास के अतिरिक्त उद्यमियों को सावधि ऋण सुविधा, सह भागीदारी एवं निवेश अनुदान आदि सहायता उपलब्ध करवाकर औद्योगीकरण को प्रोन्नत कर रहा है। जयपुर जिले में एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रीयल पार्क, इलेक्ट्रोनिक हार्डवेयर टैक्नोलोजी पार्क, सॉफ्टवेयर टैक्नोलोजी पार्क एवं ग्राम मानपुरा माचेड़ी (जयपुर) में लैदर कॉम्पलेक्स के विकास का कार्य

हाथ में लिया गया है। इसी प्रकार लैदर कॉम्पलेक्स भरतपुर एवं टैक्सटाईल शहर भीलवाड़ा आदि को भी विकसित किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 में 2300 एकड़ भूमि अवाप्ति के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 96 तक 2658 एकड़ भूमि अवाप्त की गई। इसके अतिरिक्त 1175 औद्योगिक प्लान्ट विकसित किये गये व दिसम्बर, 96 तक रीको द्वारा 456 औद्योगिक प्लाटों का आवंटन किया गया।

सरकार के सुधारवादी एवं नवीन उपायों से राज्य के औद्योगिक परिदृष्य में भारी बदलाव आया है। जिससे गत वर्षों की तुलना में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि ही नहीं अपितु उसमें विविधता भी आई है। इस समय राज्य सिंथेटिक-यार्न, सीमेन्ट, टी.वी. पिक्चर ट्यूब, रसायन एवं खाद यहां तक कि विभिन्न प्रकार की इलेक्ट्रोनिक वस्तुओं आदि का बड़ा उत्पादक ही नहीं वरन् विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्यात भी करने लगा है।

राजस्थान ने खान एवं खनिज क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त किया है। भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान खनिज भंडारों से सम्पन्न है। जिन महत्वपूर्ण खनिजों से राज्य का नाम बहुलता के साथ जुड़ा है, उनमें अलौह धातु (शीशा, जस्ता एवं तांबा) तथा लौह धातु जैसे टंगस्टन एवं अनेक औद्योगिक खनिज सम्मिलित हैं।

लघु खनिज मुख्यत: आयामी एवं सजावटी पत्थर जैसे मार्बल, कोटा स्टोन एवं सेंडस्टोन में राजस्थान का अपना विशेष स्थान है। देश के कुल लघु खनिज उत्पादन मूल्य में राजस्थान का लगभग 30 प्रतिशत योगदान है।

राज्य के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी से खनिज संपदा के त्वरित दोहन के लिये राज्य सरकार ने वर्ष 1994 में खनिज नीति लागू की है। नई खनिज नीति से विशेषकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों हेतु रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

राज्य का खान व भू-विज्ञान विभाग, राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम (आर.एस.एम.डी.सी.) एवं राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (आर.एस.एस.एम.) राज्य में त्वरित एवं वैज्ञानिक ढंग से खनिज दोहन के लिये कार्य कर रहे हैं।

ऊर्जा समस्त उत्पादक आर्थिक गतिविधियों के लिये अत्यंत आवश्यक आदान है। ऊर्जा के स्रोतों को विकसित करने हेतु गहन पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। इसी कारण राज्य के योजना मद में उर्जा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में कुल योजना प्रावधान का लगभग 28.31 प्रतिशत राशि उर्जा क्षेत्र के लिये आवंटित की गई है।

प्रतिस्पर्द्धात्मक एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर आधारित खुले बाजार की अर्थव्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उर्जा उत्पादन के क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा निजी क्षेत्र के निवेशकों के लिये राज्य के लिग्नाईट भंडारों को खोल दिया गया है।

दिसम्बर, 1996 तक ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में 34015 गांवों (1991 की जनगणना के अनुसार) का विद्युतीकरण किया जा चुका है। विद्युतीकृत गांवों की यह संख्या कुल आबाद गांवों की संख्या का 89.77 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त 5.26 लाख कुओं को भी विद्युतीकृत किया जा चुका है।

राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण (रेडा) द्वारा राज्य में गैर परम्परागत स्रोतो के अन्तर्गत, सोलर पैक की स्थापना, एस पी वी स्ट्रीट लाइटों को सशक्त करना, एस पी वी पंपों की स्थापना, सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम आदि का विकास किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 के दौरान सोलर पावर पैक के माध्यम से 50 ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया है।

राज्य के त्वरित आर्थिक विकास हेतु यातायात एवं संचार माध्यमों का विकसित होना नितान्त आवश्यक है। यातायात एवं संचार की दृष्टि से राजस्थान एक अर्द्ध विकसित प्रदेश है। आंतरिक जलमार्गों की कमी एवं रेल प्रणाली के अपर्याप्त विस्तार के कारण सड़कें ही आवागमन का एक प्रमुख साधन हैं। सड़क संचार व्यवस्था के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में सड़क विकास नीति अपनाई गई है।

राज्य में वर्ष 1950-51 में सड़कों की कुल लंबाई 17339 कि.मी. थी जो कि वर्ष 1995-96 में बढ़कर 1,34,449 कि.मी. (अन्य विभागीय सड़कों सहित) हो गई तथा जिसके वर्ष 1996-97 के अन्त तक 1,37,949 कि.मी. हो जाने की संभावना है। राज्य का कुल सड़क घनत्व जो कि वर्ष 1995-96 के अंत में 39.29 कि.मी. प्रति 100 वर्ग कि.मी. था वह वर्ष 1996-97 में बढ़कर 40.31 कि.मी. (अन्य विभागीय सड़कों सहित) होने की संभावना है। यह अब भी राष्ट्रीय औसत 62.1 कि.मी. से काफी कम है।

राज्य के अनेक स्थानों पर छोटी रेल्वे लाईन को बड़ी लाईन में बदलने के वर्तमान में चल रहे कार्यों तथा प्रस्तावित भावी रेल्वे लाईनों के बदलने के कार्य में राज्य तत्परता से अग्रसर है। राजस्थान की राजधानी जयपुर को मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता एवं चेन्नई से जोड़ दिया गया है तथा जोधपुर और बीकानेर भी बड़ी लाईन से जुड़ गये हैं। जिससे राज्य में औद्योगिक एवं खनिज विकास को काफी गति मिली है। राज्य में अनेक स्थानों पर छोटी लाईन को बड़ी लाईन में बदलने का कार्य प्रगति पर है।

भारतीय एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये राजस्थान एक महत्वपूर्ण पर्यटक केन्द्र बनता जा रहा है। राजस्थान अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक सम्पन्नता व दुर्लभ वन्यजीव विशेषताओं के कारण, विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुए है। इन विशेष आकर्षणों के कारण, राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का विशेष महत्व है और इस क्षेत्र के विकास के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राजस्थान में पर्यटकों की संख्या वर्ष 1983 में जो कि 33 लाख थी वह वर्ष 1995 में बढ़कर 57.82 लाख पहुंच गयी, जिसमें 5.34 लाख विदेशी पर्यटक सम्मिलित हैं।

विभिन्न वस्तुओं के मूल्यों में परिवर्तन का राज्य की अर्थव्यवस्था एवं जन जीवन दोनों पर प्रभाव पड़ता है। निश्चित अन्तराल में थोक एवं खुदरा मूल्य स्तर में परिवर्तन औद्योगिक श्रमिकों के थोक मूल्य सूचकांक एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से परिलक्षित होता है। राज्य में वर्ष 1996 में थोक एवं खुदरा मूल्यों में 1995 की तुलना में वृद्धि का रुख रहा। थोक मूल्य सूचकांक (आधार 1952 = 100) जो वर्ष 1995 में 1885.77 था बढ़कर वर्ष 1996 में 2038.82 हो गया है, जो 8.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

राज्य की आठवीं पंचवर्षीय योजना का आकार 11500 करोड़ रुपये का है, जो कि सांतवीं पंचवर्षीय योजना से 283 प्रतिशत अधिक है। यह उद्व्यय गुजरात राज्य के लगभग बराबर तथा पंजाब, उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु से अधिक है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रति व्यक्ति योजना उद्व्यय सातवीं योजना के 875 रुपये प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2614 रुपये हो गया है। राजस्थान की आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति योजना उद्व्यय तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्यों से अधिक है।

आठवीं योजना के प्रथम चार वर्षों (1992-93 से 1995-96) में 8728.28 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। 1996-97 की वार्षिक योजना के लिये संभावित व्यय 3310.49 करोड़ रुपये हैं। इस प्रकार आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में कुल व्यय 12000 करोड़ रु. से अधिक होने की संभावना है, जबकि योजना का आकार 11500 करोड़ रुपये था।

बैंकों द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली साख सुविधा विनियोजन एवं विकास का एक संसाधन है। नेहरू रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, एकीकृत ग्रामीण विकास योजना एवं अनुसूचित जाति विकास निगम के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बैंकों का सक्रिय योगदान है। बैंक शाखाओं के विस्तार विशेषत: क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विस्तार से विभिन्न ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में मदद मिली है। वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर राजस्थान में सितम्बर 1996 में एक बैंक कार्यालय 13677 व्यक्तियों को सेवायें प्रदान कर रहा था तथा 106 कि.मी. क्षेत्र में एक बैंक कार्यालय कार्यरत था।

राज्य आय एवं प्रतिव्यक्ति आय अर्थव्यवस्था की सम्पूर्ण स्थिति को दर्शाती है। राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि अधिकांशत: कृषि उत्पादन पर निर्भर करती है, क्योंकि कृषि उत्पादन राज्य घरेलू उत्पादन का सबसे बड़ा अंशदायी है, अत: राज्य आय में मानसून के उतार-चढ़ाव की स्थिति का व्यापक प्रभाव पड़ता है।

वर्ष 1991-92 से आगे के वर्षों के लिये शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय स्थिर (1980-81) व चालू मूल्यों पर निम्न तालिका में दर्शायी गयी है :-

तालिका 1.4

वर्ष	**स्थिर मूल्यों पर**		**चालू मूल्यों पर**	
	शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रु.)	**प्रति व्यक्ति आय (रुपये)**	**शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रु.)**	**प्रति व्यक्ति आय (रु.)**
1991-92	7850	1761	20044	4497
1992-93	9078	1993	23944	5257
1993-94*	8329	1790	24596	5287
1994-95(प्रा)	9917	2088	30641	6452
1995-96(त्व)	9936	2051	33705	6958
1996-97 (अग्रिम)	11021	2232	39460	7992

*** सूखा वर्ष, प्रा-प्रावधानिक, त्व-त्वरित।**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद जो प्राय: राज्य आय के नाम से जाना जाता है, में वर्ष दर वर्ष (वर्ष 1993-94 को छोड़कर जो कि सूखा वर्ष था) निरंतर वृद्धि की प्रवृत्ति रही है, किन्तु राज्य में जनसंख्या की तीव्र वृद्धि ने शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि के अधिकतर प्रभावों को निष्फल कर दिया है। परिणामस्वरुप प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से कम रही है।

अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 1996-97 में स्थिर (1980-81) कीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 11021.40 करोड़ रुपये अनुमानित हैं, जो कि वर्ष 1995-96 में 9935.97 करोड़ रुपये था। इस प्रकार यह 10.92 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। स्थिर कीमतों पर वर्ष 1996-97 में प्रति व्यक्ति आय 2232 रुपये अनुमानित की गई, जो कि वर्ष 1995-96 में 2051 रुपये थी। इस प्रकार यह 8.83 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।

वर्ष 1996-97 में प्रचलित कीमतों पर अग्रिम अनुमानों के आधार पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 39460.24 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जबकि 1995-96 में यह 33705.33 करोड़ रुपये था। यह 17.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 1995-96 में 6958 रुपये थी, जिसके वर्ष 1996-97 में बढ़कर 7992 रुपये होने का अनुमान है जो कि 14.86 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है।

राज्य में शैक्षणिक विकास हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। महिला शिक्षा पर अधिक ध्यान देने के साथ ही शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार व प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकीकरण को वर्ष 1996-97 में प्राथमिकता दी गई है। राज्य में महाविद्यालय स्तर तक बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार का प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय वर्ष 1990 से महत्वपूर्ण रणनीति के रुप में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के दिशा-निर्देशों के अधीन सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम का संचालन कर रहा है।

वर्ष 1996-97 में पहली से बारहवीं कक्षा तक राजकीय विद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों के लिये छात्र सुरक्षा बीमा योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना को लागू करने में राजस्थान देश का दूसरा राज्य है तथा राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करने वाल प्रथम राज्य है।

प्राथमिक शिक्षा को न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम तथा 20-सूत्रीय कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। औपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा में समन्वय स्थापित करने हेतु राज्य में लोक जुम्बिश, शिक्षा कर्मी और गुरु मित्र योजना/परियोजनाएं चलायी जा रही हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षित महिलाओं के द्वारा सरस्वती योजना लागू की गई है।

प्राथमिक शिक्षा के लिये बच्चों के प्रवेश में वृद्धि एवं उन्हें अध्ययनरत बनाये रखने हेतु राज्य में लड़कियों के लिये कक्षा एक से आठवीं तक तथा लड़कों के लिये कक्षा एक से पांच तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरणकी योजना लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 में 58.50 लाख विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की जा चुकी हैं।

सन् 2000 ई. तक "स्वास्थ्य सबके लिए कार्यक्रम" के अन्तर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके फलस्वरूप राज्य की जनता के स्वास्थ्य में सुधार आया है। जीवन प्रत्याशा (वर्ष 1995-96) लगभग 61 वर्ष हो गई है जो कि वर्ष 1961 में 46.8 वर्ष थी। जन्म दर एवं मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। राज्य में चेचक का पूर्ण उन्मूलन हो चुका है तथा अन्य महामारियों एवं छूत की बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है।

राज्य के ग्रामीण एवं शहरी दोनों की क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या के समाधान हेतु समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राज्य के कुल आबाद 37889 गांवों में से 37274 गांवों को 1995-96 के अन्त तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा चुका है। वर्ष 1996-97 (दिसम्बर 1996 तक) की अवधि में 92 मुख्य हेबिटेशन, 2690 अन्य हेबिटेशन को सुरक्षित पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त 553 आंशिक रुप से लाभान्वित ग्रामों में पूर्ण रुप से पेयजल उपलब्ध करवाया गया।

राज्य की लगभग 77 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती हैं। गरीबी, कुपोषण, अपर्याप्त रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों की विशेष समस्याएं हैं। जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों के द्वारा संचालित एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जनजाति क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम, मरु विकास एवं सूखा संभाव्य क्षेत्र विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं का सृजन करते हुए रोजगार के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करवाकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त गरीबी को समाप्त करने हेतु सतत् प्रयास जारी हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु अपना गांव अपना काम, तीस जिला तीस काम और द्वाकरा आदि विभिन्न कार्यक्रम भी लागू किये जा रहे हैं।

वर्ष 1996-97 में दिसम्बर 1996 के अन्त तक एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 28437 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है और 2261 ग्रामीण युवाओं को ट्राईसम योजनान्तर्गत स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया गया।

जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 1996 तक 79.82 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राज्य के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्यों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राज्य में दिसम्बर 1996 के अन्त तक कुल 17963 उचित मूल्य की दुकानें कार्यरत थीं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण मंच कार्यरत है।

❖ ❖ ❖

2. राज्य घरेलू उत्पाद एवं वित्त

2.1 राज्य घरेलू उत्पाद :

राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान राज्य के आर्थिक विकास को नापने के महत्वपूर्ण आर्थिक सूचकों में से एक है। प्रति व्यक्ति राज्य घरेलू उत्पाद, अर्थव्यवस्था की स्थिति को वास्तविक एवं तुलनात्मक रुप से मापने हेतु काम में लिया जाता है। इसे क्षेत्रीय विषमताओं को मापने का भी एक महत्वपूर्ण उपकरण माना गया है। इसका उपयोग नीति निर्धारकों यथा योजना आयोग एवं वित्त आयोग द्वारा योजनाओं के संसाधनों के आवंटन एवं करों को राज्यों में वितरण के लिये किया जाता है।

वर्तमान विश्लेषण में प्रचलित एवं स्थिर (1980-81) दोनों कीमतों पर राज्य घरेलू उत्पादन के अनुमान सम्मिलित किये गये हैं। स्थिर कीमतों के राज्य घरेलू उत्पाद द्वारा उत्पादन का प्रभाव प्रदर्शित होता है, जबकि प्रचलित कीमतों के अनुमान, उत्पादन व कीमतों के सम्मिलित प्रभाव को दर्शाती हैं। वर्ष 1996-97 के राज्य आय अनुमान अग्रिम एवं सम्भावित हैं जो अर्थ व्यवस्था के अनुभागों में संभावित उत्पादन, अर्थ व्यवस्था की प्रवृत्ति एवं पूर्वानुमान पर आधारित हैं। अतः इनका उपयोग पूर्ण सावधानी से किया जाना चाहिये।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद :

एक निश्चित समय में बिना ह्रास (सीएफसी) का प्रावधान किये हुए राज्य की समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को सकल राज्य घरेलू उत्पाद कहा जाता है।

अर्थ व्यवस्था के वृहद् क्षेत्रों के अनुसार स्थिर कीमतों (1980-81) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 1992-93 व आगामी वर्षों के लिये निम्न तालिका में दर्शाये गये हैं।

तालिका 2.1.1

स्थिर (1980-81) कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद **(करोड़ रुपये में)**

वर्ष	प्राथमिक		द्वितीयक		तृतीयक	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (3+5+6)
	कृषि (पशु पालन सहित)	योग	विनिर्माण	योग		
1	2	3	4	5	6	7
1992-93	4293.27	4692.69	1162.90	2094.23	3405.46	10192.38
	(42.12)	(46.04)	(11.41)	(20.55)	(33.41)	(100.00)
1993-94	3385.56	3826.91	1198.32	2226.43	3438.24	9491.58
	(35.67)	(40.32)	(12.62)	(23.46)	(36.22)	(100.00)
1994-95 (प्रा.)	4435.81	4956.02	1326.13	2429.73	3788.71	11174.46
	(39.70)	(44.35)	(11.87)	(21.74)	(33.91)	(100.00)
1995-96 (त्व)	4202.29	4679.39	1409.89	2610.11	3983.95	11273.95
	(37.28)	(41.51)	(12.51)	(23.15)	(35.34)	(100.00)
1996-97(अ)	4945.66	5445.79	1519.87	2789.23	4184.84	12419.86
	(39.82)	(43.85)	(12.24)	(22.46)	(33.69)	(100.00)

प्रा. - प्रावधानिक, त्व-त्वरित, अ-अग्रिम

उपरोक्त तालिका से यह विदित होता है कि वर्ष 1993-94 को छोड़कर राज्य के वास्तविक कीमतों पर ज्ञात सकल घरेलू उत्पाद में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 1993-94 सूखा ग्रस्त था जिसका कृषि के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा।

अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 1996-97 में स्थिर कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद 12419.86 करोड़ रुपये अनुमानित है जो वर्ष 1995-96 के 11273.45 करोड़ रुपये की तुलना में 10.17 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद :

सकल राज्य घरेलू उत्पाद में से (सी.एफ.सी.) के मूल्य का समायोजन करने के पश्चात् शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद प्राप्त किया जाता है।

प्रचलित कीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद जो कि वर्ष 1994-95 में 30641.03 करोड़ रुपये था, बढ़कर वर्ष 1995-96 में 33705.33 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रकार इसमें 10.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 1996-97 में शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 39460.24 करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष से ~~14.86~~ 17.07 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (1980-81) कीमतों पर वर्ष 1994-95 में 9916.86 करोड़ रुपये था जो बढ़कर 1995-96 में 9935.97 करोड़ हो गया। अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 1996-97 में शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 11021.40 करोड़ रुपये अनुमानित है जो पूर्व वर्ष से 10.92 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

क्षेत्रीय संरचना :

राज्य अर्थव्यवस्था के वृहद् क्षेत्रानुसार स्थिर (1980-81) कीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 1992-93 से निम्न तालिका में दर्शाये गये हैं

तालिका 2.1.2

स्थिर मूल्यों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद **(करोड़ रु. में)**

वर्ष	प्राथमिक		द्वितीयक		तृतीयक	शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (3+4+6)
	कृषि (पशु पालन सहित)	योग	विनिर्माण	योग		
1	2	3	4	5	6	7
1992-93	4027.10	4354.31	945.50	1683.97	3039.95	9078.23
	(44.36)	(47.96)	(10.42)	(18.55)	(33.49)	(100.00)
1993-94	3112.76	3472.08	970.78	1790.52	3065.98	8328.58
	(37.37)	(41.69)	(11.66)	(21.50)	(36.81)	(100.00)
1994-95 (प्रा.)	4156.21	4573.07	1075.74	1956.60	3387.19	9916.86
	(41.91)	(46.11)	(10.85)	(19.73)	(34.16)	(100.00)
1995-96 (त्व)	3915.73	4289.02	1143.74	2087.24	3559.71	9935.97
	(39.41)	(43.17)	(11.51)	(21.01)	(35.82)	(100.00)
1996-97 (अ)	4651.96	5041.62	1234.27	2249.01	3730.77	11021.40
	(42.21)	(45.74)	(11.20)	(20.41)	(33.85)	(100.00)

प्रा. - प्रावधानिक, त्व-त्वरित, अ-अग्रिम

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 1993-94 को छोड़कर जो अकाल ग्रस्त था, शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 1991-92 से लगातार वृद्धि की ओर अग्रसर है। शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद की विशेषता निम्नानुसार है :-

(i) प्राथमिक क्षेत्र में कृषि, पशुपालन, वन, मत्स्य एवं खनन सम्मिलित हैं जो अभी भी राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रमुखता बनाये हुए हैं। इसका राज्य घरेलू उत्पाद में 42 से 48 प्रतिशत योगदान रहता है। कृषि एवं पशुपालन अनुभाग का प्राथमिक क्षेत्र में सृजित आय का 90 प्रतिशत योगदान है।

(ii) द्वितीय क्षेत्र जिसमें विनिर्माण, विद्युत, गैस व जल आपूर्ति एवं निर्माण अनुभाग सम्मिलित हैं, का राज्य घरेलू उत्पाद में 19 से 21 प्रतिशत के बीच में योगदान रहता है।

(iii) तृतीय क्षेत्र जिसमें यातायात, संचार, व्यापार, होटल एवं जलपान गृह, बैंक एवं बीमा, स्थावर सम्पदा, आवासीय स्वामित्व, व्यावसायिक सेवायें, सार्वजनिक सेवायें तथा अन्य सेवायें सम्मिलित हैं, का राज्य घरेलू उत्पाद में 33 से 37 प्रतिशत के बीच योगदान रहता है।

प्रति व्यक्ति आय :

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में जनसंख्या का भाग देकर प्रति व्यक्ति आय ज्ञात की जाती है।

प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 1995-96 में 6958 रुपये थी, अग्रिम अनुमान के आधार पर वर्ष 1996-97 में 7992 रुपये अनुमानित की गई हैं जो पिछले वर्ष से 14.86 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है।

स्थिर (1980-81) कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 1995-96 में 2051 थीं, बढ़कर वर्ष 1996-97 में 2232 रुपये हो गई, जो 8.83 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है।

2.2 आठवीं पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना 1996-97

आठवीं पंचवर्षीय योजना में 11500 करोड़ रुपये के कुल आवंटन के विरुद्ध योजना के प्रथम चार वर्षों (1992-93 से 1995-96) में 8728.28 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है तथा योजना के वर्ष 1996-97 मे संभावित व्यय 3310.49 करोड़ रूपये हैं।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत वर्ष 1992-93 से 1995-96 तक व्यय का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 2.2.1

योजना उद्व्यय एवं व्यय

(करोड़ रुपये)

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**आठवीं योजना का उद्व्यय (1992-97)**	**व्यय**			
			1992-93	**1993-94**	**1994-95**	**1995-96**
1	2	3	4	5	6	7
1.	कृषि एवं संबंद्ध सेवायें	1286.92 (11.19)	128.24 (9.12)	161.00 (9.23)	240.21 (9.94)	306.75 (9.70)
2.	ग्रामीण विकास	1021.75 (8.88)	100.80 (7.17)	116.67 (6.69)	180.54 (7.47)	242.00 (7.65)
3.	विशिष्ठ क्षेत्रीय योजना	84.00 (0.73)	1.10 (0.08)	1.52 (0.09)	3.45 (0.14)	4.54 (0.14)

1 2	3	4	5	6	7
4. सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	1919.99 (16.70)	263.00 (18.70)	288.34 (16.54)	381.13 (15.78)	441.18 (13.95)
5. उर्जा	3255.49 (28.31)	395.60 (28.12)	499.60 (28.66)	651.39 (26.97)	816.77 (25.83)
6. उद्योग एवं खनिज	536.02 (4.66)	82.15 (5.84)	88.12 (5.05)	127.64 (5.28)	161.78 (5.12)
7. यातायात	783.97 (6.82)	80.39 (5.71)	142.60 (8.18)	178.62 (7.40)	254.84 (8.06)
8. वैज्ञानिक सेवायें एवं अनुसंधान	19.96 (0.17)	2.93 (0.21)	3.31 (0.19)	3.91 (0.16)	3.54 (0.11)
9. सामाजिक एवं सामुदायिक सेवायें	2461.62 (21.41)	330.89 (23.52)	412.81 (23.68)	206.51 (25.11)	867.54 (27.43)
10. आर्थिक सेवायें	71.72 (0.62)	8.87 (0.63)	11.54 (0.66)	17.72 (0.73)	20.93 (0.66)
11. सामान्य सेवायें	58.56 (0.51)	12.70 (0.90)	17.93 (1.03)	24.63 (1.02)	42.55 (1.35)
योग	**11500.00 (100.00)**	**1406.67 (100.00)**	**1743.44 (100.00)**	**2415.75 (100.00)**	**3162.42 (100.00)**

प्राथमिक न्यूनतम सेवाओं के प्रावधान को सम्मिलित करते हुए वर्ष 1996-97 का वार्षिक योजना व्यय 3310.49 करोड़ रु. है। इस प्रकार पंचवर्षीय योजना अवधि में 11500 करोड़ रु. के प्रावधान के विरुद्ध कुल व्यय 12000 करोड़ रु. से अधिक होगा।

2.3 बैंकिंग :

तीव्र आर्थिक विकास के फलस्वरूप अधिकांश जनसाधारण के जीवन स्तर में सुधार आया है लेकिन फिर भी गरीबी एक बड़ी समस्या बनी हुई है, जिसकी ओर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों ने विकास की गति को प्रभावित किया है। राज्य के सीमित संसाधनों से जनता की बढ़ती हुई आकांक्षाओं को पूरा करना कठिन है। अत: समग्र विकास हेतु संस्थागत वित्त एवं ऋण आदि अन्य उपाय भी नितान्त आवश्यक हैं।

राज्य सरकार योजनाबद्ध विकास के माध्यम से ढांचागत विकास एवं मानव संसाधन के विकास हेतु प्रयत्नशील है, फिर भी राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर की औसत प्रति व्यक्ति आय में अन्तर बना हुआ है। अत: राज्य में विकास को गति प्रदान करने के लिये अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों एवं व्यक्तियों की आय बढ़ाने हेतु संसाधन जुटाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बैंकों द्वारा ऋण वितरण राज्य के विकास एंव विनियोजन के लिये एक महत्वपूर्ण आर्थिक स्रोत है। एन.आर.वाई, पी.एम.आर.वाई., आई.आर.डी.पी., एस.यू.एम. योजना, एस.सी./एस.टी. विकास एवं अन्य गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम बैंकों की सहायता से राज्य में चलाये जा रहे हैं। विभिन्न ग्रामीण विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक शाखाओं के विस्तार से गरीबी की रेखा से नीचे जीवन

यापन करने वाले वर्गों के उत्थान के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहायता मिली है। बैंक शाखाओं की जमा राशि एवं ऋण वितरण की तुलनात्मक स्थिति राज्य एवं भारतीय स्तर पर माह सितम्बर, 96 तक निम्न तालिका में दर्शाई गई है।

तालिका 2.3.1

(सितम्बर तक)

क्र.सं.	मद	राजस्थान		भारत	
		1995	1996	1995	1996
1.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	1069	1070	14528	14508
	(ब) जमा (करोड़ रु.)	727	908	11542	18055
	(स) ऋण (करोड़ रु.)	302	355	6565	8967
2.	अन्य अनुसूचित व्यापारिक बैंक				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	2114	2147	48095	48689
	(ब) जमा (करोड़ रु.)	10387	12129	380269	439659
	(स) ऋण (करोड़ रु.)	4653	5295	228700	254189
3.	योग				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	3183	3217	62623	63197
	(ब) जमा (करोड़ रु.)	11114	13037	391811	457714
	(स) ऋण (करोड़ रु.)	4955	5650	235265	263156

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि सितम्बर, 96 में सितम्बर, 95 की तुलना में बैंक जमा राशि व ऋण दोनों में वृद्धि हुई है। राजस्थान में जमा राशि में वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 1996 में 17.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि 16.82 प्रतिशत रही। राजस्थान में ऋण का जमा राशि से अनुपात सितम्बर, 1996 में 43.34 प्रतिशत रहा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह अनुपात 57.49 प्रतिशत था। सितम्बर, 95 में यह अनुपात राजस्थान व राष्ट्रीय स्तर पर क्रमश: 44.50 व 60.04 प्रतिशत था। राजस्थान में वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 1996 में कुल ऋण 14.02 प्रतिशत बढ़ा जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि 11.85 प्रतिशत रही।

वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर सितम्बर 1996 में एक बैंक कार्यालय औसतन 13677 व्यक्तियों को सेवायें प्रदान कर रहा था तथा 106 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक बैंक कार्यालय स्थापित था।

❖ ❖ ❖

3. मूल्य स्थिति एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

विकास कार्यों के लाभों का उचित वितरण एवं विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिये मूल्यों में स्थिरता आवश्यक है। मुद्रा स्फीति गरीबों को अधिक प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय, मूल्यों के अनुरूप नहीं बढ़ पाती है। अर्थ व्यवस्था पर मुद्रा स्फीति का दबाव थोक मूल्य एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से प्रदर्शित होता है।

3.1 थोक भाव सूचकांक (आधार वर्ष 1952-53 = 100)

वर्ष 1996 में राजस्थान का सामान्य थोक भाव मूल्य सूचकांक 2038.82 रहा, जो वर्ष 1995 के सूचकांक 1885.77 से 8.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 1996 में थोक भाव सूचकांक के "ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक वर्ग" में सर्वाधिक वृद्धि 22.38 प्रतिशत रही। इसके पश्चात् "खाद्य पदार्थ वर्ग" में 7.90 प्रतिशत, "विनिर्मित पदार्थ वर्ग" में 6.02 प्रतिशत एवं औद्योगिक कच्चे माल वर्ग में 4.32 प्रतिशत वृद्धि रही।

माह जनवरी व दिसम्बर 96 के अतिरिक्त शेष पूरे वर्ष 1996 में थोक भाव सूचकांक में वृद्धि का रुख रहा। इन दोनों महीनों में पिछले महीनों से क्रमशः 2.12 व, 1.10 प्रतिशत की कमी रही है। वर्ष 1996 तथा 1995 में प्रमुख वर्गों के थोक भाव सूचकांक में पिछले वर्षों से प्रतिशत विचलन निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 3.1.1

थोक भाव सूचकांक (आधार वर्ष 1952-53=100)

क्र.सं.	वृहद् वर्ग	वार्षिक औसत			पिछले वर्ष से प्रतिशत विचलन	
		1994	1995	1996	1995	1996
1.	खाद्य पदार्थ वर्ग	1771.80	1803.71	1946.26	1.80	7.90
2.	औद्योगिक कच्चा माल वर्ग	1660.80	1888.73	1970.26	13.72	4.32
3.	ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक वर्ग	3160.91	3314.23	4055.94	4.85	22.38
4.	विनिर्मित पदार्थ वर्ग	1889.93	1979.56	2098.64	4.74	6.02
5.	सामान्य सूचकांक	1827.61	1885.77	2038.82	3.18	8.12

3.2 औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1982=100)

औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रम ब्यूरो शिमला द्वारा तैयार किये जाते हैं जिसमें राज्य के जयपुर एवं अजमेर केन्द्र सम्मिलित हैं। वर्ष 1996 में खुदरा मूल्यों में वृद्धि की प्रवृत्ति पूरे वर्ष निरन्तर बनी रही।

वर्ष 1996 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक वर्ष 1995 की तुलना में, जयपुर केन्द्र पर 10.31 प्रतिशत और अजमेर केन्द्र पर 8.85 प्रतिशत की दर से बढ़ा। वृद्धि की यह दर वर्ष 1995 में पिछले वर्ष की तुलना में जयपुर केन्द्र के लिये 8.18 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है जबकि अजमेर केन्द्र के लिये सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में कमी रही।

जयपुर एवं अजमेर केन्द्र के पिछले तीन वर्षों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक वर्गानुसार तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं :-

तालिका 3.2.1

औद्योगिक श्रमिकों के लिये वर्गानुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

जयपुर केन्द्र **(आधार वर्ष 1982=100)**

वर्ग	सूचकांक			प्रतिशत विचलन	
	1994	**1995**	**1996**	**1996 का 1995 से**	**1995 का 1994 से**
1	2	3	4	5	6
1. खाद्य	295	323	355	9.91	9.49
2. पान, सुपारी, तम्बाकु एवं मादक पदार्थ	356	365	378	3.56	2.53
3. ईंधन, शक्ति एवं प्रकाश	219	228	268	17.54	4.11
4. आवास	154	159	158	(-) 0.63	3.25
5. वस्त्र, बिस्तर तथा जूते	210	236	283	19.91	12.38
6. विविध	297	320	354	10.62	7.74
7. सामान्य	269	291	321	10.31	8.18

अजमेर केन्द्र

वर्ग	सूचकांक			प्रतिशत विचलन	
	1994	**1995**	**1996**	**1996 का 1995 से**	**1995 का 1994 से**
1	2	3	4	5	6
1. खाद्य	287	318	344	8.18	10.80
2. पान, सुपारी, तम्बाकु एवं मादक पदार्थ	337	347	360	3.75	2.97
3. ईंधन, शक्ति एवं प्रकाश	239	238	248	4.20	(-) 0.42
4. आवास	314	318	382	20.13	1.27
5. वस्त्र, बिस्तर तथा जूते	248	274	296	8.03	10.48
6. विविध	255	281	304	8.18	10.20
7. सामान्य	280	305	332	8.85	8.93

उक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1996 के दौरान जयपुर व अजमेर केन्द्रों के सभी वर्गों के सूचकांक में वृद्धि हुई है। केवल जयपुर केन्द्र में आवास वर्ग में कमी हुई है।

जयपुर, अजमेर एवं अखिल भारतीय स्तर के पिछले पांच वर्षों के औसत सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (1982=100) निम्नलिखित तालिका में दर्शाये गये हैं :-

तालिका 3.2.2

औद्योगिक श्रमिकों के लिये सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

(आधार वर्ष 1982=100)

वर्ष	जयपुर केन्द्र		अजमेर केन्द्र		अखिल भारतीय	
	सूचकांक	प्रतिशत विचलन गत वर्ष की तुलना में	सूचकांक	प्रतिशत विचलन गत वर्ष की तुलना में	सूचकांक	प्रतिशत विचलन गत वर्ष की तुलना में
1992	228	8.57	243	11.98	237	11.79
1993	245	7.46	253	4.11	252	6.33
1994	269	9.80	280	10.67	278	10.32
1995	291	8.18	305	8.93	306	10.07
1996	321	10.31	332	8.85	334	9.15

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि सर्वाधिक वृद्धि दर वर्ष 1996 में जयपुर केन्द्र (10.31 प्रतिशत) उसके बाद अखिल भारतीय स्तर पर (9.15 प्रतिशत) व अजमेर केन्द्र (8.85 प्रतिशत) रहीं।

3.3 सार्वजनिक वितरण प्रणाली :

सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर आवश्यक वस्तुयें निश्चित मात्रा में उपलब्ध करवाने हेतु राज्य में उचित मूल्यों की दुकानों के तंत्र द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन किया जा रहा है। माह दिसम्बर, 1996 के अन्त तक राज्य में कुल 17963 उचित मूल्य की दुकानें कार्य कर रही थीं इनमें से 13517 ग्रामीण क्षेत्रों में थी। इन दुकानों के माध्यम से माह अप्रेल से दिसम्बर, 1996 तक की अवधि में 7.80 लाख मै.टन गेहूं, 0.13 लाख मै. टन चावल, 1.80 लाख मै. टन चीनी एवं 3.33 लाख किलो लीटर केरोसीन तेल वितरित किया गया। माह जनवरी 1992 से राज्य के जनजातीय, मरुस्थलीय एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्रियान्वित हैं। 22 जिलों के 122 चयनित खण्डों में आर.पी.डी.एस. सार्वजनिक वितरण प्रणाली समावेशित हैं जिनमें गेहूं और चावल 60 रु. प्रति क्विंटल अनुदानित मूल्यों पर वितरित किया जाता है।

❖ ❖ ❖

4. उद्योग एवं खनिज

4.1 उद्योग :

नई औद्योगिक नीति वर्ष 1994 जिसका उद्देश्य, त्वरित औद्योगिकरण है, के तहत उद्योग विभाग, राजस्थान औद्योगिक एवं विनियोजन निगम (रीको) राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम, राज्य वित्त निगम, राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, औद्योगिक संवर्द्धन ब्यूरो आदि के समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में स्वस्थ औद्योगिक वातावरण सृजित हुआ है। इस औद्योगिक नीति के फलस्वरूप विनियोजन में वृद्धि के साथ उच्च तकनीकी एवं आधुनिक तकनीकी आधारित गैर परम्परागत उद्योगों की स्थापना निरंतर रुप से बढ़ रही है।

राज्य का उद्योग विभाग, लघु औद्योगिक एवं हस्तशिल्प इकाईयों के त्वरित विकास हेतु प्रयत्नशील है। वित्तीय वर्ष 1996-97 में (दिसम्बर, 96 तक) 5221 लघु औद्योगिक इकाईयों का पंजीयन किया गया एवं इन ईकाईयों में 162.10 करोड़ रूपये का विनियोजन हुआ तथा 21784 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ। हस्तकर्घा विकास की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में 257 करधा घर स्वीकृत किये गये तथा हैल्थ पैकेज योजना के तहत बुनकरों को लाभान्वित किया गया।

प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवकों को अपने स्वयं का उद्योग, सेवा एवं व्यापार स्थापित करने हेतु एक लाख रुपये तक का ऋण/अनुदान दिया जाता है। चालू वर्ष में माह दिसम्बर, 96 तक इस योजना में 5884 प्रकरणों में ऋण स्वीकृत किया गया तथा इसमें 3922 को प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रशिक्षण के पश्चात् 864 युवकों को ऋण वितरित किया गया।

गृह उद्योग योजना के अन्तर्गत चालू वर्ष में माह दिसम्बर, 96 तक 34 स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से 24 जिलों में शहरी क्षेत्र की 3310 गरीब महिलाओं को कशीदाकारी, बुनाई, दरी-पट्टी, आरी-तारी एवं सिलाई आदि के कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया।

राज्य में औद्योगिक उत्पादों के विपणन में सहायता हेतु "उद्यम प्रोत्साहन संस्थान (यू.पी.एस.)" का गठन किया गया। यू.पी.एस. का उद्देश्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक प्रदर्शनियां आयोजित करना है। यू.पी.एस. ने प्रदर्शनियों के आयोजन के अलावा दिनांक 3.9.96 को आर्टिजन डवलपमेन्ट सोसायटी, अलवर के साथ हस्त-औजार क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया है।

उद्योग निदेशालय में एक निर्यात प्रोत्साहन प्रकोष्ठ कार्यरत है जो अन्य गतिविधियों के साथ निर्यातकों के लिए निर्यात निर्देशिका प्रकाशित करता है। वर्ष 1996-97 में निर्यातकों को पुरस्कृत करने हेतु 3.00 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है। गत वर्ष निर्यात प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 22 उत्तम निर्यातकों को पुरस्कृत किया गया।

राज्य में माह दिसम्बर, 96 तक 213 औद्योगिक क्षेत्रों में राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) द्वारा आवश्यक आधारभूत सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन क्षेत्रों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 1996-97 में 1175 औद्योगिक भूखण्डों को विकसित किया गया है तथा माह दिसम्बर, 96 तक 456 भूखण्डों का आवंटन किया गया है। रीको द्वारा वृहद् तथा मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर तक 58.08 करोड़ रूपये के सावधि ऋण स्वीकृत किये गये तथा 35.24 करोड़ रुपये वितरित किये गये।

वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर, 96 तक केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत चार औद्योगिक विकास केन्द्रों (ग्रोथ सेन्टर्स) यथा बीकानेर, धौलपुर, झालावाड़ एवं आबूरोड़ पर 22.92 करोड़ रुपये खर्च किये गये। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा जोधपुर में एक लघु विकास केन्द्र स्वीकृत किया गया तथा माह दिसम्बर, 96 तक इसके क्रियान्वयन पर 1.57 करोड़ रूपये खर्च किये गये। इस वर्ष जयपुर जिले में एक्पोर्ट प्रमोशन इण्डस्ट्रीयल पार्क (ई.पी.आई.पी.), इलेक्ट्रोनिक हार्डवेयर टैक्नोलोजी पार्क एवं सोफ्टवेयर टैक्नोलोजी पार्क के विकास का काम हाथ में लिया गया है। इसके अलावा गांव मानुपर माचेड़ी (जिला जयपुर) में एक लैदर कॉम्पलेक्स का कार्य भी प्रगति पर है।

राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसीको) लघु उद्योगों तथा शिल्पकारों को उचित कीमत पर कच्चा माल एवं उनके उत्पादों के विपणन के लिये सुविधाओं की सहायतार्थ कार्यरत है। राजस्थान के हस्तशिल्प को लोकप्रिय बनाने एवं उनके विपणन हेतु अनेक एम्पोरियम कार्यरत हैं। हस्तशिल्प के विकास हेतु निगम द्वारा प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर 96 तक 5.18 करोड़ रुपये के हस्तशिल्प सामान की बिक्री की गई। माह नवम्बर 96 तक सांगानेर व जोधपुर में इनलैण्ड कन्टेनर डिपो तथा सांगानेर में एयर कारगो कॉम्पलेक्स द्वारा 596 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया गया।

राजस्थान वित्त निगम :

राजस्थान वित्त निगम मुख्यरूप से राज्य में उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं नवीनीकरण हेतु सावधि ऋण उपलब्ध कराता है। निगम ने राज्य में उद्योगों की स्थापना हेतु 2.40 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किये हैं। उदारीकरण एवं सरलीकरण प्रक्रिया के फलस्वरूप निगम ने वर्ष 1995-96 के दौरान 163.44 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किये तथा 131.66 करोड़ रुपये वितरित किये। चालू वर्ष में माह नवम्बर 96 तक 66.68 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किये हैं तथा 72.28 करोड़ रुपये वितरित किये जा चुके हैं। राजस्थान वित्त निगम, राज्य विनियोजन अनुदान और ब्याज रहित ऋण योजनाओं को क्रियान्वित करने में राज्य के अभिकर्ता के रुप में कार्य कर रहा है। चालू वर्ष में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के व्यक्तियों को सामान्य से 2 प्रतिशत कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा छोटे उद्यमियों को राहत प्रदान करने के लिए अप्रेल 1996 से 2 लाख रु. तक के ऋण की नियमित अदायगी न करने पर दण्डित ब्याज वसूल नहीं किया जा रहा है।

ऋण की वसूली को गतिशील बनाने के लिए वर्ष 1996-97 में यह महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिया गया कि बकाया ऋण राशि का निपटारा करवाने पर रियायत दी जावे। इसके फलस्वरूप माह नवम्बर, 96 तक 90.52 करोड़ रुपये की वसूली हुई है जो कि निर्धारित लक्ष्य का 46.42 प्रतिशत है तथा गत वर्ष इस अवधि में जो वसूली हुई थी उससे 5.35 प्रतिशत अधिक है।

वित्त निगम ने हाल ही में एक स्वर्ण कार्ड (गोल्ड कार्ड) योजना शुरु की है जिसके तहत नियमित ऋण अदायगी कर्ताओं को कार्यशील पूंजी तथा अतिरिक्त परिसम्पत्ति हेतु 30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। लघु उद्योगों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। वर्ष 1995-96 में राजस्थान वित्त निगम द्वारा स्वीकृत किये गये ऋणों में से लघु उद्योगों को 89.79 प्रतिशत ऋण दिया गया। वर्ष 1996-97 में भी इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी गयी, जो कि निम्न तालिका से प्रदर्शित होता है।

तालिका 4.1.1

(रुपये करोड़ों में)

उद्यम का प्रकार	1995-96		1996-97 (माह नवम्बर 96)	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1. लघु ट्रांसपोर्ट	105	3.71	40	1.35
2. लघु औद्योगिक इकाई	1643	146.76	555	60.29
3. अन्य	22	12.97	7	5.04

औद्योगिक उत्पादन

राज्य में चयनित महत्वपूर्ण वस्तुओं के वर्ष 1995 एवं 1996 के उत्पादन की तुलनात्मक स्थिति निम्नांकित सारणी में दर्शाई गई है।

चयनित मदों का औद्योगिक उत्पादन

तालिका 4.1.2

क्र.सं.	मद	इकाई	उत्पादन 1995	उत्पादन 1996 वर्ष (प्रावधानिक)	1995 की तुलना में 1996 में प्रतिशत वृद्धि/कमी
1		2	3	4	5 6
1.	शक्कर	टन	24717	30987	25.37
2.	स्प्रिट (सभी प्रकार)	000 लीटर	17600	21406	21.62
3.	वनस्पति घी	टन	28402	30133	6.09
4.	नमक	लाख टन	15	11	(-) 26.67
5.	यूरिया	''000 टन	392	388	(-) 1.02
6.	सुपर फास्फेट	''000 टन	36	35	(-) 2.78
7.	सीमेन्ट	''000 टन	6469	6596	1.96
8.	अभ्रक की ईटें	''000 संख्या	1265	1051	(-) 16.92
9.	जस्ते की छड़ें	''000 टन	91	94	3.30
10.	कैडिमियम अंतिम उत्पादन	टन	156	161	3.20
11.	रेल्वे बैगन	संख्या	590	1107	87.63
12.	बाल बियरिंग लाख	संख्या	216	231	6.94
13.	पानी के मीटर	संख्या	40704	41326	1.53
14.	रेडियेटर्स	संख्या	2912	4234	48.83
15.	लेपित एवं पुन: लेपित पत्थर	''000 वर्ग-मीटर	212	242	14.15
16.	बिजली के मीटर	संख्या	732513	711238	(-) 2.90
17.	नायलोन धागा	टन	3998	3628	(-) 9.25
18.	पोलियेस्टर धागा	टन	14590	11462	(-) 21.44
19.	कॉस्टिक सोड़ा	टन	33711	39566	17.37
20.	कैलशियम कार्बाइड	टन	50073	44358	(-) 11.41
21.	पी.वी.सी. रेजिन	टन	31789	31231	(-) 1.76
22.	पी.वी.सी. कम्पाउण्ड	टन	5282	5279	(-) 0.06
23.	सल्फ्यूरिक एसिड	''000 टन	240	206	(-) 14.17
24.	कॉपर ''कैथोड्स''	टन	30513	21630	(-) 29.11
25.	सूती कपड़ा	लाख मीटर	411	457	11.19
26.	सूती धागा	''000 टन	54	57	5.56

उपरोक्त सारणी से प्रकट होता है कि गत वर्ष की तुलना में वर्ष 1996 में चयनित वस्तुओं के उत्पादन में मिश्रित प्रवृत्ति रही। वर्ष 1996 में 26 चयनित मदों में से 14 मदों के उत्पादन में वृद्धि दृष्टिगत हुई है जबकि 12 मदों के उत्पादन में कमी रही। इन मदों के उत्पादन में विचलन की सीमा इस प्रकार है।

तालिका 4.1.3

वर्ष 1996 में गत वर्ष से विचलन	मद
1.1 10 प्रतिशत तक वृद्धि	वनस्पति घी, जस्ते की छड़ें, कैडिमियम (अंतिम उत्पादन) पानी के मीटर, बाल बियरिंग, सूती धागा।
1.2 10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि	लेपित एवं पुनः लेपित पत्थर, कॉस्टिक सोड, सूती कपड़ा।
1.3 20 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि	शक्कर, स्प्रिट (सभी प्रकार), रेडियेटर्स।
1.4 50 से 100 प्रतिशत तक वृद्धि	रेल्व वैगन।
1.5 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि	शून्य
2.1 10 प्रतिशत तक कमी	यूरिया, सुपर फास्फेट, बिजली के मीटर, नायलोन धागा, पी.वी.सी. रेजिन, पी.वी.सी. कम्पाउण्ड।
2.2 10 से 20 प्रतिशत तक कमी	अभ्रक की ईटे, कैल्शियम कारबाईड, सल्फ्यूरिक एसिड
2.3 20 से 50 प्रतिशत तक कमी	नमक, पोलिस्टर धागा, कॉपर केथोड्स
2.4 50 से 100 प्रतिशत तक कमी	शून्य

4.2 खादी एवं ग्रामोद्योग :-

खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से पूर्णकालीन एवं अंशकालीन रोजगार उपलब्ध करवाकर ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा रहा है। वर्ष 1995-96 में 3713 औद्योगिक इकाईयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई तथा चालू वित्तीय वर्ष में माह नवम्बर, 96 तक 1458 ईकाईयों को सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

वर्ष 1995-96 के दौरान खादी उद्योगों में 39.41 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ जो वित्तीय वर्ष के अंत तक बढ़कर 50 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसी प्रकार ग्रामोद्योग का उत्पादन वर्ष 1995-96 में 260.48 करोड़ रुपये कीमत का था जो वर्ष 1996-97 तक बढ़कर 278.00 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। वर्ष 1996-97 में 33,000 व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जायेंगे जबकि 1995-96 में 30732 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया था। परम्परागत चर्खों के स्थान पर अम्बर चर्खों का उपयोग करते हुए ऊनी तथा सूती खादी की गुणवत्ता में सुधार तथा उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किये जा रहे हैं।

उद्यमियों को एक ही स्थान पर सुविधायें प्रदान करने के लिए औद्योगिक संवर्धन ब्यूरो (बी.आई.पी.) प्रयत्नशील है। औद्योगिक संवर्धन ब्यूरो (बी.आई.पी.) निवेशकों को राजस्थान में उद्योग लगाने हेतु आकर्षित करने में प्रयासरत है। इसके लिए विभिन्न वृहद् एवं मध्यम कम्पनियों/औद्योगिक समूहों से सम्पर्क स्थापित किया गया।

4.3 कारखाना एवं बायलर्स :-

मुख्य निरीक्षक, कारखाना एवं बॉयलर्स, पंजीकृत निर्माणियों एवं बायलर्स के लिये राज्य के लिये राज्य का प्राधिकृत अधिकारी है। मुख्य रुप से यह विभाग कारखाना अधिनियम 1948, भारतीय बायलर्स अधिनियम 1923 एवं वेतन भुगतान अधिनियम 1936 को लागू करने के लिये, औद्योगिक कामगारों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण को सुनिश्चित करने के लिये है।

चालू वर्ष में माह दिसम्बर, 96 तक 279 नई निर्माणियों का पंजीयन किया गया तथा 7246 श्रमिकों को रोजगार मिला है। विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में सुपरवाईजरों एवं श्रमिकों के लिए 26 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों से 359 श्रमिक एवं सुपरवाईजरों को लाभान्वित किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न रासायनिक कारखानों में से हानिकारक रसायनों के 161 नमूने एकत्रित किये गये।

विभाग के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए कारखानों के नक्शों के अनुमोदन एवं लाईसेन्स नवीनीकरण के अधिकार उप मुख्य निरीक्षकों कारखाना एवं बायलर्स को विकेन्द्रित किये गये हैं। आंकड़ों के संधारण हेतु कम्प्यूटर लगाये गये हैं।

4.4 खनिज :

राज्य खान एवं भू-विज्ञान विभाग नई खनिज नीति 1994 के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्त हेतु सघन प्रयास कर रहा है तथा खनिज भण्डारों की खोज हेतु राज्य के विभिन्न भागों में सर्वेक्षण कार्य कर रहा है वर्ष 1996-97 में खनिज सर्वेक्षण एवं प्रोस्पेक्टिंग योजना के अन्तर्गत 76 परियोजनाओं का कार्य हाथ में लिया गया है।

माह दिसम्बर, 96 तक निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियां निम्न तालिका में दर्शाये गयी हैं :-

तालिका 4.1.4

कार्य		इकाई	लक्ष्य 1996-97	उपलब्धि (दिसम्बर, 96 तक)	प्रतिशत उपलब्धि
1.	आर.एम.एस.	वर्ग कि.मी.	5200	3778	72.65
2.	आर.जी.एम.	वर्ग कि.मी.	490	328	66.93
3.	डी.जी.एम.	वर्ग कि.मी.	20	12.35	61.75
4.	डेलीनिएशन	वर्ग कि.मी.	31.50	23.60	74.92
5.	ड्रीलिंग	मीटर	16750	7100.05	42.38

इमारती व सजावटी पत्थरों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए मार्बल व ग्रेनाईट के भण्डारों की खोज एवं सीमांकन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके फलस्वरूप ग्रेनाईट के 43 प्लॉट्स तथा मार्बल के 11 प्लॉट्स विभिन्न जिलों में सीमांकित किये गये तथा आवंटन हेतु अधिसूचना भी जारी की गई। जयपुर जिले के आंधी क्षेत्र तथा चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू तहसील में मार्बल भण्डारों की खोज का कार्य प्रगति पर है।

एस.एम.एस. ग्रेड लाईम स्टोन की खोज हेतु चालू वर्ष में छिद्रण कार्य जैसलमेर जिले में किया जा रहा है, तथा वहां पर लगभग 10 मिलियन टन एस.एम.एस. ग्रेड एवं 170 मिलियन टन सीमेन्ट ग्रेड, लाईम स्टोन के भण्डार होने का अनुमान है। इसी तरह नागौर जिले में टाकला एवं डेहरू क्षेत्र में लाईम स्टोन के भण्डार पाये गये हैं तथा इसका 15.50 मै. टन भण्डार होने का अनुमान है।

अन्य औद्योगिक खनिजों की खोज के दौरान भरतपुर जिले की कामां तहसील में अच्छी किस्म का क्वार्टजाइट खनिज भी पाया गया है। नागौर एवं बीकानेर जिलों में लिग्नाईट की खोज का कार्य लगातार जारी है एवं इसके छिद्रण का कार्य प्रगति पर है। बीकानेर जिले के हाडला क्षेत्र में 15 से 16 मीटर मोटाई की लिग्नाईट पट्टी को विभक्त किया गया है। बांसवाड़ा जिले के सादड़ी-उदयवाला-खेमरा क्षेत्र में सोने की खोज का कार्य प्रगति पर है तथा उत्साहवर्धक परिणाम पाये गये हैं तथा एक से आठ ग्राम सोना प्रति टन रॉक पर 172.30 मीटर से 182.30 मीटर तक की गहराई पर पाया गया है।

राजस्थान राज्य खनिज निगम स्वयं अथवा संयुक्त क्षेत्र के खनिज आधारित उद्योगों, परियोजनाओं एवं उपक्रमों को प्रोन्नत करने, उनका विकास करने एवं संचालित करने में कार्यरत है। निगम खनन कार्य के अतिरिक्त खानों के विकास एवं खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने हेतु परामर्श भी देता है। निगम राज्य के 13 जिलों में विभिन्न स्थानों पर खानों का व्यावसायिक आधार पर संचालन कर रहा है।

निगम राज्य में उद्यमियों को उनकी कम्पनी के प्रबन्ध में तथा अंश पूंजी में योगदान करता है तथा उनके उपयोग के लिए खनिज क्षेत्रों के आवंटन का कार्य भी करता है। निगम ने संयुक्त/सहयोगी क्षेत्र की कम्पनियों की अंश पूंजी में 92.15 लाख रुपयों का विनियोजन किया है। वर्ष 1996-97 में स्टील प्लान्टों की बढ़ती हुए मांग की पूर्ति हेतु लाइम स्टोन के उत्पादन का लक्ष्य 17.95 लाख मैट्रिक टन रखा गया है।

वर्ष 1995-96 के दौरान निगम ने रायल्टी के भुगतान, भूमि कर, बिक्री कर एवं जैसलमेर, बांसवाड़ा और कोटपूतली में लाइमस्टोन की गतिविधियों से हुए लाभ में से हिस्सा देकर और जिप्सम पर लेवी के भुगतान के रुप में कुल 13.42 करोड़ रुपयों का राज्य के राजस्व में योगदान दिया है।

4.5 श्रम :

औद्योगिक संबंध :- राज्य का श्रम विभाग, औद्योगिक शांति तथा श्रमिकों के कल्याण हेतु विभिन्न श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु कटिबद्ध है। विभाग श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु स्पष्ट, तर्कसंगत तथा निश्चित दृष्टिकोण अपनाकर विभिन्न श्रम कानूनों को सतर्कता से लागू कर औद्योगिक शांति बनाये रखने में प्रयत्नशील रहा है।

हड़तालों एवं तालाबन्दी की रोकथाम के लिए प्रयास किये गये। माह दिसम्बर, 96 तक 7054 शिकायतों में से 4163 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वर्ष 1996-97 के दौरान माह दिसम्बर, 96 तक राज्य में 32 हड़ताले एवं तालाबन्दी हुई जिससे 19548 श्रमिक प्रभावित हुए तथा 4.66 लाख मानव दिवसों का नुकसान हुआ जबकि वर्ष 1995-96 में 51 हड़तालें एवं तालाबन्दी की घटनायें हुई जिसमें 26950 श्रमिक प्रभावित हुए थे तथा 5.02 लाख मानव दिवसों का नुकसान हुआ था।

वर्ष 1996-97 के आरम्भ में राज्य में 3110 पंजीकृत श्रमिक संगठन थे, जिनके सदस्यों की संख्या 5022 लाख थीं। अक्टूबर, 96 तक 71 नये श्रमिक संगठनों का पंजीकरण हुआ जिनके सदस्यों की संख्या 0.09 लाख है।

4.6 रोजगार :

रोजगार अवसरों का सृजन नियोजित विकास का एक मुख्य उद्देश्य है इसलिये रोजगार के अवसरों एवं विभिन्न वर्गों के बेरोजगारों की सूचना रखना आवश्यक है। राजस्थान में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अनुमानित रोजगार की स्थिति निम्न तालिका में दी गई है :-

तालिका संख्या 4.6.1

(संख्या लाखों में)

वर्ष	**राजस्थान**		
	सार्वजनिक क्षेत्र	**निजी क्षेत्र**	**योग**
1	2	3	4
1992	9.73	2.31	12.04
1993	9.77	2.32	12.09
1994	10.05	2.43	12.48
1995	10.09	2.55	12.64
1996 (जून 96 तक)	10.10	2.56	12.66

जनवरी से दिसम्बर 1996 तक की अवधि में विभिन्न रोजगार कार्यालयों में 2,94,164 बेरोजगार व्यक्ति पंजीकृत थे जिनमें 40629 अनूसूचित जाति तथा 20195 अनु. जनजाति के व्यक्ति थे। उक्त अवधि में 20380 रिक्त पद विज्ञापित किये गये जिसके विरुद्ध 211969 प्रार्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये तथा 11,483 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

❖ ❖ ❖

5. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र

5.1 मानसून :

राज्य में कृषि की स्थिति मुख्य रुप से वर्षा के समय पर आगमन पर निर्भर करती है, विशेष रुप से खरीफ मौसम में जहां फसलों का उत्पादन व उत्पादकता न केवल वर्षा की मात्रा पर अपितु वर्षा के उचित वितरण के साथ-साथ इसके सही समय पर आवश्कतानुसार होने पर निर्भर है।

राजस्थान में मानसून की प्रकृति साधारत: अनियमित व अनिश्चित है। वर्ष 1996-97 में मानसून के विलम्ब से आने के बावजूद भी सम्पूर्ण राज्य में संतोषप्रद वर्षा हुई। माह जून से सितम्बर, 96 के मध्य 72.63 से.मी. वर्षा रिकार्ड की गई, जो कि इस अवधि की सामान्य वर्षा से 39 प्रतिशत अधिक है।

5.2. कृषि उत्पादन :

राजस्थान एक कृषि प्रधान राज्य है तथा राज्य की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (राज्य आय) का 40 प्रतिशत से अधिक भाग कृषि एवं संबद्ध सेवाओं से सृजित होता है।

गत तीन वर्षों के प्रमुख फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल एवं उत्पादन निम्न तालिका में दर्शाये गये हैं :-

तालिका 5.2.1

फसल	क्षेत्रफल (लाख हैक्टेयर में)			उत्पादन (लाख टनों में)		
	1994-95 संशोधित	1995-96 अंतिम	1996-97 संभावित	1994-95 संशोधित	1995-96 अंतिम	1996-97 संभावित
1	2	3	4	5	6	7
अनाज	93.23	83.09	88.34	97.45	81.03	105.90
खरीफ	67.65	59.16	62.56	36.95	22.20	35.93
रबी	25.58	23.93	25.78	60.50	58.83	69.97
दलहन	36.02	35.74	37.16	19.65	14.63	21.12
खरीफ	19.77	19.14	20.63	5.45	3.29	5.97
रबी	16.25	16.60	16.53	14.20	11.34	15.15
खाद्यान्न	129.25	118.83	125.50	117.10	95.66	127.02
खरीफ	87.42	78.30	83.19	42.40	25.49	41.90
रबी	41.83	40.53	42.31	74.70	70.17	85.12
तिलहन	34.89	38.39	40.43	28.34	30.68	40.94
खरीफ	10.87	10.10	12.41	7.53	6.42	8.95
रबी	24.02	28.29	28.02	20.81	24.26	31.99
गन्ना	0.22	0.28	0.22	9.87	13.85	10.21
कपास*	4.86	6.06	5.89	8.75	13.38	12.95

* उत्पादन लाख गांठों में (प्रत्येक गांठ में 170 कि.ग्रा.)

वर्ष 1996-97 में खरीफ खाद्यान्न के अन्तर्गत अनुमानित 83.19 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई हुई, जबकि वर्ष 1995-96 में खरीफ खाद्यान्न का क्षेत्रफल 78.30 लाख हैक्टेयर था। वर्ष 1996-97 में खरीफ खाद्यान्न का कुल उत्पादन 41.90 लाख टन होने का अनुमान है, जो कि वर्ष 1995-96 में 25.49 लाख टन था। इस प्रकार चालू वर्ष 1996-97 में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में 64.38 प्रतिशत बढ़ोतरी होने की संभावना है। खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में अधिकतम योगदान बाजरा व मक्का की फसलों का रहता है। वर्ष 1996-97 में बाजरा का उत्पादन 21.00 लाख टन होना अनुमानित है, जो कि वर्ष 1995-96 में 11.52 लाख टन था, जो 82.29 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 1995-96 में मक्का का उत्पादन 8.08 लाख टन था, जिसके बढ़कर वर्ष 1996-97 में 10.16 लाख टन होने का अनुमान है। इस प्रकार मक्का के उत्पादन में 25.74 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

वर्ष 1996-97 के रबी के मौसम में खाद्यान्नों का उत्पादन 85.12 लाख टन होने की संभावना है, जो कि वर्ष 1995-96 में 70.17 लाख टन था, जो 21.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। रबी के खाद्यान्न उत्पादन में अधिकतम योगदान गैहूं की फसल का रहता है। वर्ष 1996-97 में गैहूं का उत्पादन 64.81 लाख टन होना अनुमानित है, जबकि वर्ष 1995-96 में 54.93 लाख टन था, जो 17.99 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। आलोच्य अवधि के दौरान जौ का उत्पादन 5.16 लाख टन होना अनुमानित है, जो कि वर्ष 1995-96 में 3.90 लाख टन था।

उर्जा एवं खनिज लवणों की आपूर्ति एवं भोजन में प्रोटीन की कमी की पूर्ति करने के लिये दलहन आहार का विशेष महत्व है। खरीफ दालों का उत्पादन वर्ष 1995-96 के 3.29 लाख टन की तुलना में वर्ष 1996-97 में 5.97 लाख टन होना संभावित है, जो कि 81.46 प्रतिशत अधिक है। चने की फसल का उत्पादन जो वर्ष 1995-96 में 10.90 लाख टन था, बढ़कर वर्ष 1996-97 में 14.83 लाख टन होने की संभावना है, यह गत वर्ष की तुलना में 36.06 प्रतिशत अधिक है।

खरीफ मौसम के तिलहन के उत्पादन में मूंगफली, तिल, सोयाबीन व अरण्डी तथा रबी मौसम में राई-सरसों, तारामीरा व अलसी सम्मिलित है। वर्ष 1996-97 के दौरान तिलहन का उत्पादन पूर्व के समस्त रिकार्ड को पार कर 40.94 लाख टन होना अनुमानित है, जो कि वर्ष 1995-96 में 30.68 लाख टन था, यह गत वर्ष से 33.44 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वर्ष 1996-97 में खरीफ तिलहन का उत्पादन 8.95 लाख टन होना अनुमानित है जो कि वर्ष 1995-96 के 6.42 लाख टन उत्पादन से 39.41 प्रतिशत अधिक है। रबी में तिलहन उत्पादन वर्ष 1996-97 में 31.99 लाख टन होना अनुमानित है, जो कि वर्ष 1995-96 में 24.26 लाख टन था, यह 31.86 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 1996-97 में राई-सरसों का उत्पादन 31.06 लाख टन होने की संभावना है जबकि वर्ष 1995-96 में 23.68 लाख टन था, यह 31.17 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 1995-96 में गन्ना का उत्पादन 13.85 लाख टन था, जो कि घटकर वर्ष 1996-97 में 10.21 लाख टन रह जाने की संभावना है।

कपास एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है, जो कि राज्य के गंगानगर व हनुमानगढ़ जिले में अधिकता से बोयी जाती है। वर्ष 1996-97 में कपास का उत्पादन 12.95 लाख गांठे होना संभावित है जबकि वर्ष 1995-96 में यह 13.38 लाख गांठे था, जो 3.21 प्रतिशत कमी दर्शाता है।

5.3 कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन :

अधिक उत्पादन की प्राप्ति हेतु अच्छे बीजों की उपलब्धता आवश्यक है। तदानुसार राज्य में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हेतु "उन्नत बीज कार्यक्रम" अपनाया गया है। फसल की उपज में संतुलित वृद्धि के लिये उर्वरकों का संतुलित उपयोग भी एक मुख्य भूमिका प्रदान करता है।

राज्य में अनियमित मानसून व मौसम की विपरीत स्थितियों के, कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न उपाय किये जा रहे हैं। कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन कार्यक्रम की वर्ष 1995-96 व 1996-97 की उपलब्धियां निम्न तालिका में दर्शाई गई हैं :-

तालिका 5.3.1

क्र.सं.	मद	मौसम	इकाई	1995-96 की उपलब्धियां	1996-97 लक्ष्य	1996-97 संभावित उपलब्धियां
1	2	3	4	5	6	7
1.	अधिक उपज वाली फसलों के अंतर्गत क्षेत्रफल	खरीफ	लाख	16.77	17.00	14.50
		रबी (गेहूं)	हैक्टेयर	16.40	17.00	17.25
2.	अधिक उपज वाली किस्मों के बीजों का वितरण	खरीफ	''000	53.34	53.00	52.14
		रबी (गेहूं)	क्विंटल	169.67	150.00	197.00
3.	अन्य अन्नत बीजों का वितरण	खरीफ	''	71.15	60.30	79.88
		रबी		50.17	46.50	57.48
4.	उर्वरकों का वितरण	खरीफ	''000 मै.टन	299.90	309.00	279.12
		रबी	'' ''	342.65	418.60	424.46
5.	जीवाणु कल्चर पैकेट्स का वितरण	खरीफ	पैकेट्स लाख	2.93	10.50	4.00
		रबी	संख्या में	4.32	9.50	4.00
6.	पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत क्षेत्रफल	खरीफ	लाख हैक्टे. में	47.81	37.00	48.71
		रबी	''	40.00	35.00	36.00

5.4 सिंचाई :

राज्य में कुल बोये गये क्षेत्रफल का केवल 29.00 प्रतिशत (औसतन) सिंचित क्षेत्र है। सिंचाई के चार प्रमुख स्रोतों में नहरें, तालाब, कुएं एवं नलकूप हैं। वर्ष 1994-95 के दौरान राज्य में कुल सिंचित क्षेत्रफल का 60.24 प्रतिशत कुओं व नलकूपों से, 34.31 प्रतिशत नहरों से तथा 5.45 प्रतिशत तालाबों व अन्य स्रोतों से सिंचित किया गया।

वर्ष 1992-93 से 1994-95 तक सिंचित क्षेत्रफल की स्थिति निम्न तालिका में दी गई है :-

तालिका 5.4.1 (क्षेत्रफल ''000 हैक्टेयर में)

सिंचाई के स्रोत	शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल			कुल सिंचित क्षेत्रफल		
	1992-93	1993-94	1994-95	1992-93	1993-94	1994-95
1. नहरें	1428	1373	1427	1990	1835	1995
2. तालाब	207	170	247	230	189	265
3. कुएं एवं नलकूप	2803	3009	3134	3231	3523	3503
4. अन्य	33	45	50	35	48	52
कुल	4471	4597	4858	5486	5595	5815

राज्य में उपलब्ध सतही जल क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग हेतु राज्य का सिंचाई विभाग विभिन्न वृहद् मध्यम व लघु सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में प्रयासरत है। वर्ष 1996-97 के दौरान सिंचाई क्षेत्र में (इंदिरा गांधी नहर परियोजना को छोड़कर) 264.45 करोड रुपये का प्रावधान रखा गया है, जिसमें से माही बजाज सागर परियोजना पर 30.00 करोड़ रुपये, बीसलपुर परियोजना पर 15.00 करोड़ रुपये, सिद्धमुख नोहर परियोजना पर 45.00 करोड़ रुपये एवं अन्य वृहद्, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं के आधुनिकीकरण व बाढ़ राहत के उपायों के लिए 174.45 करोड़ रुपये रखे गये हैं, जिसमें घग्घर बाढ़ से राहत के कार्य भी सम्मिलित हैं।

वर्ष 1996-97 (माह नवम्बर, 96 तक) के दौरान लगभग 38.50 करोड़ रुपये की लागत के 26 नवीन लघु सिंचाई कार्य स्वीकृत किये गये, जिससे राज्य में 15160 हैक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित होगी।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अन्तर्गत जिला चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर एवं बाड़मेर में, रावी एंव व्यास नदियों से राजस्थान को आवंटित 8.6 एम.ए.एफ. जल में से 7.59 एम.ए.एफ. जल का उपयोग करने हेतु कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक सुविधा को मध्यनजर रखते हुए, इस परियोजना को दो चरणों में लिया गया है।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण में वर्ष 1996-97 हेतु 13.00 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। इससे 4 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 1996-97 के दौरान द्वितीय चरण में 280 कि.मी. वितरण प्रणाली को पूर्ण कर 41000 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का सृजन किया जावेगा।

सिंचाई एवं पेयजल की दृष्टि से भू-जल ही एक मुख्य स्रोत है। राज्य का भू-जल विभाग एवं राजस्थान जल विकास निगम प्रदेश में जल के सुव्यवस्थित दोहन एवं शोधन हेतु प्रयासरत है। वर्ष 1996-97 (माह दिसम्बर, 96 तक) के दौरान भू-जल विभाग द्वारा 371 नलकूप एवं 238 हैंडपंप स्थापित किये गये। इसके अतिरिक्त आलोच्य अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत 1805 कुओं को ड्रीलिंग एवं ब्लास्टिंग द्वारा गहरा किया गया है।

5.5 पशुपालन :

राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुधन की अहम् भूमिका है। लघु एवं सीमांत काश्तकार, कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण निर्धन लोगों की बहुत बड़ी संख्या लाभप्रद रोजगार हेतु पशुधन पर आश्रित है। वर्ष 1992 की पशुगणनानुसार राज्य में 484.46 लाख पशुधन तथा 30.13 लाख कुक्कुट सम्पदा है। राज्य के पश्चिमी जिले स्वदेशी पशुधन के लिए प्रसिद्ध हैं।

वर्तमान में राज्य में 1468 पशु चिकित्सालय एवं जिला स्तरीय बहुउद्देशीय चिकित्सालय कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त पशु पालकों को समीपस्थ पशु चिकित्सा सेवाऐं उपलब्ध कराने हेतु 53 भ्रमणशील पशु चिकित्सा इकाईयां कार्यशील हैं। इसके अलावा राज्य में 45 खण्ड-स्तरीय भ्रमणशील पशु चिकित्सा इकाईयां एवं 29 पशु स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला कार्यरत हैं। प्रदेश में 15766 गौ-वंश इकाईयों पर औसतन एक पशु चिकित्सा संस्था कार्यरत है।

एकीकृत पशु विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पशु स्वास्थ्य जांच हेतु जयपर, बीकानेर, अजमेर, कोटा और उदयपुर संभागों में स्थापित संस्थाओं का पुनर्गठन कर 749 उपकेन्द्र स्थापित किये हुए हैं। यह कार्यक्रम 5 से 8 कि.मी. की परिधि क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य सेवायें उलपब्ध कराने हेतु राज्य के 21 जिलों में लागू है। राज्य के दक्षिणी व पूर्वी भागो के 12 जिलों की 40 चयनित पंचायत समितियों में "गोपाल कार्यक्रम" के अन्तर्गत सघन पशु विकास कार्य जारी है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 572 "गोपाल" कार्यरत हैं। राज्य में अश्व नस्ल सुधार हेतु 10 अश्व विकास केन्द्र कार्यरत हैं। अजमेर जिले के रामसर गांव में बकरियों के विकास एवं उनके चारा उत्पादन हेतु एक बकरी प्रजनन केन्द्र कार्यरत है।

शूकर विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अलवर जिले में विदेशी नस्ल के "शूकर पालन फार्म" स्थापित हैं। राज्य में कुक्कुट विकास को गति देने हेतु एक नवीन पद्धति 'केज सिस्टम" राज्य कुक्कुट फार्म जयपुर पर विकसित की जा रही है। राज्य में 6 कुक्कुट फार्म एवं 17 सघन कुक्कुट विकास खण्ड कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त "फीड एवं फौडर" कार्यक्रम के अन्तर्गत इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र के मोहनगढ़ गांव में एक चारा बीज उत्पादन फार्म स्थापित है।

5.6 डेयरी विकास :

यह कार्यक्रम मूल रूप से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को शहरी उपभोक्ताओं से सम्बद्ध करने का कार्यक्रम है। दुग्ध सहकारी समितियों की गतिविधियां स्वयं किसानों के द्वारा संचालित एवं प्रबंधित की जाती हैं। इन समितियों का प्रमुख उद्देश्य उपभोक्ताओं को अच्छी किस्म का दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराना, पशु स्वास्थ्य रखरखाव एवं दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाया जाना सुनिश्चित कराना है। राज्य में माह दिसम्बर, 96 तक लगभग 9 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संग्रहण क्षमता के 10 संयत्र एवं 4.7 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध ठंडा करने की क्षमता के 24 चीलिंग संयंत्र कार्यरत हैं।

राज्य में समस्त जिलों में 15 दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के माध्यम से एकीकृत दुग्ध विकास कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर 1996 तक 70 नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां गठित की गई तथा 105 बन्द समितियों को पुनर्जीवित किया गया। दिसम्बर, 1996 के अंत तक कुल कार्यशील समितियों की संख्या 3231 थी, जिनकी कुल सदस्य संख्या 3.76 लाख थी। वर्ष 96-97 में दिसम्बर, 96 तक औसतन 4.96 लाख लीटर दूध प्रतिदिन एकत्रित किया गया।

राज्य में 4 पशु आहार संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध सहकारी संघ पशुओं को पोषक आहार उपलब्ध करवा रहा है। वर्ष 1996-97 में दिसम्बर, 96तक इन संयंत्रों द्वारा 47535 टन पशु आहार का उत्पादन एवं वितरण किया गया।

5.7 भेड़ पालन

राज्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भेड़ पालन तेजी से एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है। यह व्यवसाय राज्य की जनसंख्या के बहुत बड़े भाग विशेषत: समाज के कमजोर वर्गों को अतिरिक्त आय एवं रोजगार के अवसर प्रदान करता है। राज्य के पश्चिमी व उत्तरी पश्चिमी भागों में कमजोर वर्गो के लिए भेड़ पालन उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। वर्ष 1992 की पशुगणना के अनुसार राज्य में 124.91 लाख भेड़ें थीं, जो कि देश में भेड़ों की कुल संख्या का लगभग 25 प्रतिशत है। उपलब्ध समंकों के अनुसार, राज्य में प्रतिवर्ष लगभग 170 लाख कि.ग्रा. ऊन का उत्पादन होता है, जो कि देश के ऊन उत्पादन का 40 प्रतिशत है। भेड़पालन व्यवसाय में 2 लाख से अधिक परिवार लगे हुए हैं। भेड़ों में बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाईयों की खुराकें, छिड़काव एवं टीकाकरण आदि कार्यक्रम बड़े पैमान पर चलाये जा रहे हैं। अच्छी किस्म के ऊन उत्पादन के लिए उन्नत भेड़ें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चयनित एवं वर्ण संकर नस्लों के प्रजनन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी राज्य में चलाये जा रहे हैं। पानी व चारे की कमी के कारण भेड़ें पश्चिमी राजस्थान से, राज्य की सीमा से जुड़े राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं गुजरात में चली जाती हैं, भेड़ों के ठहराव के दौरान उचित एवं तुरंत उपचार हेतु 41 स्थाई निगरानी चौकियां स्थापित हैं।

5.8 मत्स्य पालन :

राजस्थान में मत्स्य विकास हेतु 3.30 लाख हैक्टेयर जल क्षेत्र उपलब्ध है, जिसमें से 1.20 लाख हैक्टेयर वृहद् एवं मध्यम जलाशयों, 1.80 लाख हैक्टेयर छोटे तालाबों एवं 0.30 लाख हैक्टेयर नदियों/नहरों के रुप में हैं। ये स्रोत मत्स्य पालन के विकास में महत्व के हैं। मत्स्यपालन विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अच्छे मत्स्य बीजों का उत्पादन एवं भण्डारण के द्वारा मत्स्य उत्पादन बढ़ाना, मत्स्य पालकों को मत्स्य फार्म विकास अभिकरण द्वारा प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रदान करना है।

1996-97 में (दिसम्बर, 1996 तक) मत्स्य उत्पादन 4500 टन हुआ है। राज्य में 15 मस्त्य फार्म विकास अभिकरण कार्यरत हैं, इनमें से प्रत्येक को एक-एक हैक्टेयर जल क्षेत्र आवंटित किया गया है। इन अभिकरणों द्वारा मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर, 96 तक 8243 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया एवं उन्हें 4834 हैक्टेयर जल क्षेत्र आंवटित किया गया।

वर्ष 1996-97 में (दिसम्बर, 96 तक) 131 मिलीयन फ्राई मत्स्य बीज का उत्पादन हुआ। निजी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 1991 से एक योजना मत्स्य बीज सेवन (हेचरीज) प्रारंभ की गई। इस योजनान्तर्गत मत्स्य पालकों को

पूंजी लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रुप में दिया जा रहा है। जनजाति क्षेत्र के लाभान्वितों को पूंजी लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 2 लाख रुपये अनुदान के रुप में दिया जा रहा है। प्रदेश में अब तक ऐसे स्वीकृत 10 मत्स्य बीज सेवन केन्द्रों में से 5 केन्द्र कार्यशील हैं।

5.9 वन :

पर्यावरण संरक्षण तथा जैविक वनस्पति संतुलन बनाये रखने के लिये वन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।

राजस्थान देश का द्वितीय बड़ा प्रदेश है तथा राज्य के कुल भू-भाग के 9 प्रतिशत क्षेत्र ही वन आच्छादित हैं, जबकि राष्ट्रीय वन नीति में कुल क्षेत्रफल के 33.33 प्रतिशत क्षेत्र में वनों की सिफारिश की गई है। इसलिये वनों का अनवरत विकास राज्य के लिये एक विचारणीय पहलू है। राज्य में वर्ष 1995-96 के अन्त तक 31753.57 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र था, जिसमें से 12272.71 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन, 16116.97 वर्ग किलोमीटर रक्षित वन एवं 3363.89 वर्ग किलोमीटर में अवर्गीकृत वन क्षेत्र था।

राज्य में वृक्षारोपण एवं चारागाह विकास के कार्य को गति प्रदान करने के दृष्टिकोण से विशिष्ठ परियोजनाओं के अंतर्गत कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में वन विभाग द्वारा ओ.ई.सी.एफ. जापान की वित्तीय सहायता से तीन वृहद वृक्षारोपण परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र बीकानेर एवं जैसलमेर में वृक्षारोपण एवं चारागाह विकास की परियोजना के तहत 107.65 करोड़ रुपये की राशि वर्ष 1990-91 में स्वीकृत की गई थी। वर्ष 1995-96 के अंत तक 34045 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा चुका है। वर्ष 1996-97 के दौरान माह दिसम्बर, 96 तक 7563 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त 13850 हैक्टेयर क्षेत्र में एडवांस सोइल का कार्य प्रगति पर है।

अरावली क्षेत्र वृक्षारोपण परियोजना वर्ष 1992-93 में राज्य के 10 जिलों में प्रारंभ की गई। इस परियोजना के अंतर्गत 176.69 करोड़ रुपये की लागत से 1.15 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जावेगा। वर्ष 1995-96 के अंत तक 77440 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा चुका है। चालू वित्तीय वर्ष के माह दिसम्बर, 96 तक 34045 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। 5900 हैक्टेयर क्षेत्र में एडवांस सोइल कार्य प्रगति पर था। औ.आई.सी.एफ. जापान की वित्तीय सहायता से वर्ष 1995-96 में एक और वृहद् वृक्षारोपण परियोजना राज्य के 14 जिलों में स्वीकृत की गई। इस परियोजना के अन्तर्गत 139.18 करोड़ रुपये की लागत से 55000 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जावेगा।

वर्ष 1995-96 की अवधि में केवल 15000 हैक्टेयर क्षेत्र में एडवांस सोइल कार्य संपन्न हुआ। वर्ष 1996-97 में 15000 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण करने हेतु प्रावधित राशि 26.00 करोड़ रुपये के विरुद्ध 10.21 करोड़ रुपये का उपयोग माह दिसम्बर, 96 तक किया गया।

इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा राज्य योजना/केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अन्तर्गत वृक्षारोपण एवं चारागाह विकास के कार्य क्रियान्वित किये जा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं के संसाधनों से वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर, 96 तक 82343 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य किया गया तथा सामाजिक वानिकी के तहत 365.07 लाख पौधे वितरित किये गये।

वन विभाग का मुख्य उद्देश्य जलाऊ लकड़ी, पशु चारा व इमारती लकड़ी के उत्पादन में वृद्धि करना है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा किया सके तथा जलाऊ लकड़ी व पशु चारा की मांग व पूर्ति के बीच बढ़ती खाई को कम किया जा सके।

वन व पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक दो वर्ष के अंतराल से आकाशीय अनुमान आधारित ''वन स्थिति प्रतिवेदन (फोरेस्ट स्टेटस रिपोर्ट)'' प्रकाशित की जाती है। वर्ष 1991, 1993 व 1995 में प्रकाशित इस प्रतिवेदन में राजस्थान राज्य में वनों के क्षेत्र में क्रमश: 5 वर्ग कि.मी., 210 वर्ग कि.मी. व 181 वर्ग कि.मी. की वृद्धि होना दर्शाया गया है। फलत: 6 वर्षों की अवधि में वन क्षेत्र में कुल 396 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई।

5.10 वन्य जीवन संरक्षण

वन्य जीव सम्पदा की दृष्टि से राजस्थान एक समृद्ध राज्य है। आकार व भौगोलिक स्थिति के कारण राज्य विभिन्न दुर्लभ पशु व पक्षियों जैसे भारतीय वस्टर्ड, चीता, तेंदुआ, चिंकारा, बारासिंगा, भेड़िया, सारस, बतख आदि की संरक्षण स्थली है।

वर्तमान में राज्य में 2 राष्ट्रीय उद्यान व 23 अभ्यारण्य लगभग 9282 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैले हुए हैं, जो कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 2.8 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त 32 निषेध क्षेत्र हैं, जो 1.48 मिलियन हैक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं।

राजस्थान के भरतपुर जिले में विश्व का अद्वितीय पक्षी अभयारण्ड है, जो कि जल पक्षियों का स्वर्ग है।

राज्य में वन्य जीव संरक्षण एवं इसके प्रबन्ध के अन्तर्गत निवास सुधार कार्य, जल संसाधनों का विकास, अग्नि शमन उपाय एवं खरपतवार निवारण आदि कार्य संपन्न किये जा रहे हैं।

❖ ❖ ❖

6. आधारभूत ढाँचागत विकास

6.1 विद्युत :

राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल विभिन्न बिजली परियोजनाओं की खोज, स्थापना एवं उनके क्रियान्वयन तथा विद्युत संवहन एवं वितरण के कार्यों में संलग्न हैं। कोटा ताप बिजलीघर, माही जल विद्युत परियोजना, व्यास, चम्बल एवं सतपुड़ा परियोजना राज्य में विद्युत आपूर्ति के प्रमुख स्रोत हैं। इनके अतिरिक्त केन्द्रीय क्षेत्र के राजस्थान अणु शक्ति सिंगरोली ताप विद्युत परियोजना, रिहन्द, अंता, औरैया, नरौरा एवं दादरी गैस, ऊंचाहार ताप विद्युत एवं टनकपुर परियोजना राज्य की विद्युत आपूर्ति में योगदान करते हैं। वर्ष 1995-96 के अन्त में राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता 3049 मेगावाट थी। वर्ष 1996-97 में इसमें 4.335 मेगावाट उत्पादन क्षमता की वृद्धि होना संभावित है। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र में 4034.5 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता हेतु कार्यवाही आरंभ की जा चुकी है।

राज्य में विद्युत उत्पादन, क्रय एवं उपभोग की गत तीन वर्षों की स्थिति निम्न प्रकार है :-

तालिका 6.1.1

(मि.यू. मे)

मद	वर्ष		
	1994-95	**1995-96**	**1996-97 (अनुमानित)**
1	2	3	4
1. उत्पादन (शुद्ध)	8150.63	9185.68	9830.15
2. क्रय	8272.87	9985.56	8897.50
योग (1+2)	16423.50	19171.24	18727.65
3. उपभोग			
(अ) अन्य राज्यों/व्यवस्थाओं	284.87	442.82	250.00
(ब) कॉमनपूल (भाखड़ा एवं व्यास)	147.85	165.57	165.00
(उपभोक्ताओं द्वारा ऊर्जा उपभोग)			
(स) राजस्थान के उपभोक्ता	11853.09	13079.73	14213.43
(1) घरेलू	1658.88	1948.39	2063.10
(2) गैर घरेलू	598.20	685.04	676.21
(3) औद्योगिक	4827.25	4985.60	5854.79
(4) कृषि	3738.65	4362.66	4377.45
(5) सार्वजनिक जल प्रदाय	478.29	526.10	557.00
(6) पथ प्रकाश	60.76	72.38	68.91
(7) अन्य	491.03	499.76	615.92
(8) ग्रिड उप चौकियों व 33 के.वी. उप चौकियों में ऊर्जा उपभोग	37.33	40.68	41.00

वर्ष 1996-97 में दिसंबर 1996 तक राज्य में विभिन्न स्रोतों से 13568 मिलियन यूनिट विद्युत उपलब्ध कराई गई जो गत वर्ष की इसी अवधि की विद्युत उपलब्धता से 6.63 प्रतिशत अधिक है। यद्यपि राज्य को लगातार विद्युत की कमी का सामना करना पड़ा फिर भी कृषि कार्यों हेतु अप्रेल से नवंबर 1996 तक औसतन आठ घण्टे प्रतिदिन व दिसंबर 1996 में छ: घण्टे प्रतिदिन विद्युत उपलब्ध कराई गई।

ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 1995-96 के अंत तक राज्य में 33827(1991 की जनसंख्या के अनुसार) ग्रामों का विद्युतीकरण किया जा चुका था। इनके अतिरिक्त वर्ष 1996-97 में (दिसंबर 96 तक) 188 ग्रामों का और विद्युतीकरण किया गया। इस प्रकार दिसम्बर, 96 तक कुल 34015 ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है। वर्ष 1996-97 में (दिसम्बर 96 तक) 23535 कुओं को विद्युतीकृत किया गया तथा अब तक राज्य में कुल 5.26 लाख कुओं को विद्युतीकृत किया जा चुका है।

वर्ष 1995-96 में 13079.73 मिलियन यूनिट विद्युत उपभोग की तुलना में वर्ष 1996-97 में 14213.43 मिलियन यूनिट विद्युत उपभोग होने की संभावना है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग पिछले वर्ष 265 यूनिट की तुलना में वर्ष 1996-97 में 281 यूनिट होने का अनुमान है।

6.2 गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोत - रेडा :

राज्य में राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण (रेडा) के माध्यम से गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों की विभिन्न योजनाऐं जैसे सोलर पावर पैक की स्थापना, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पानी गर्म करने का सोलर संयंत्र, सोलर डिस्टीलेशन प्लांट आदि के द्वारा अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1996-97 के लिये इस कार्यक्रम के तहत 200.00 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त 50 गांवों का सौर ऊर्जा द्वारा विद्युतीकरण करने के लिए 649.38 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है।

वर्ष 1996-97 में (दिसम्बर 1996 तक) 76.29 के.वी. के सोलर पावर पॉवर पैक व 18 एस.पी.वी. पंपों के स्थापन का कार्य किया गया। 491 एस.पी.वी. लाइटों के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी किया गया। इसके अतिरिक्त 547 सोलर कुकर विक्रय हेतु अनुदान व 552 सोलर लालटेन उपलब्ध कराने का कार्य रेडा द्वारा किया गया।

बायो गैस विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 (दिसम्बर 1996 तक) में 857 बायोगैस संयंत्र स्थापित किये गये। इसके अतिरिक्त 221 संयंत्रों का कार्य प्रगति पर है।

6.3 परिवहन एवं संचार :

सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य आधार होती हैं। अत: राज्य की पंचवर्षीय योजनाओं में प्रारंभ से ही इस ओर समुचित ध्यान दिया गया है। राजस्थान भारत के उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां सड़कों की लम्बाई राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। वर्ष 1996-97 के अन्त तक राज्य में सड़कों की लंबाई प्रति 100 वर्ग कि.मी. पर 40.31 कि.मी. होने का अनुमान है। वर्ष 1995-96 के अंत में यह 39.29 कि.मी. थी, जो कि राष्ट्रीय औसत 62.1 कि.मी. प्रति 100 वर्ग कि.मी. से बहुत कम है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नियंत्रित सड़कों की कुल लंबाई जो वर्ष 1995-96 में 70229 कि.मी. थी, वर्ष 1996-97 में बढ़कर 73729 कि.मी. होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों/अभिकरणों द्वारा भी 64220 कि.मी. सड़कों का निर्माण किया गया है।

वर्ष 1994-95 से 1996-97 तक राज्य में विभिन्न प्रकार की सड़कों की लम्बाई निम्न प्रकार है :-

तालिका 6.3.1

(किलोमीटर में)

सड़कों के प्रकार	1994-95			1995-96			1996-97 (संभावित)		
	पक्की	कच्ची	योग	पक्की	कच्ची	योग	पक्की	कच्ची	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अ-सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कें :									
1. राष्ट्रीय राजमार्ग	2846	-	2846	2846	-	2846	2846	-	2846
2. राज्य राजमार्ग	9734	76	9810	9920	86	10006	9946	60	10006
3. मुख्य जिला सड़कें	5372	177	5549	5533	174	5707	5557	150	5707
4. अन्य जिला सड़कें	10254	1889	12143	10860	1755	12615	10980	1635	12615
5. ग्रामीण सड़कें	24460	8640	33100	26998	9818	36816	28728	11588	40316
6. सीमावर्ती सड़कें	2239	-	2239	2239	-	2239	2239	-	2239
योग अ	54905	10782	65687	58396	11833	70229	60296	13433	73729
ब- अन्य विभागों द्वारा निर्मित सड़कें :			46438			64220			64220
योग (अ+ब)			112125			134449			137949

राज्य में सड़कों के विकास पर अधिक ध्यान देने के लिये "सड़क विकास नीति" को लागू किया गया।

वित्तीय संस्थानों के माध्यम से हुडको द्वारा 10 पुलों, चार बाइपासों और एक सुरंग के निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी की गई। इनमें से 6 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया व शेष चार पुलों का कार्य प्रगति पर है।

विश्व बैंक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के दो उच्च मार्गों को चौड़ा करने एवं उनका दर्जा बढ़ाने का कार्य क्रमशः उदयपुर, डबोक-चित्तौड़गढ़ और सिरोही-माउण्ट आबू के कार्य को पूरा किया गया। राज्य के दो उच्च मार्गों अलवर, भिवाड़ी मडंरायल और अजमेर चित्तौड़गढ़ का कार्य प्रगति पर है जिसके मार्च 1997 तक पूरा होने की संभावना है।

जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय मार्ग संख्या आठ पर चार लेन का कार्य प्रगति पर है। बाईस गोदाम, जयपुर के ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उसे यातायात के लिए खोल दिया गया है।

सड़क परिवहन :

वर्ष 1995 में कुल 17.20 लाख पंजीकृत मोटर वाहनों की तुलना में वर्ष 1996 में यह संख्या बढ़कर 19.23 लाख हो गई है जो कि 12.06 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। तीन वर्षों (1994 से 1996 तक) राज्य में परिवहन विभाग में पंजीकृत विभिन्न प्रकार के मोटर वाहनों की संख्या निम्न तालिका में दर्शायी गई है।

तालिका 6.3.2

(संख्या)

परिवहन साधनों का प्रकार	वर्ष में वाहनों की संचयी संख्या			वर्ष 1995 की तुलना में 1996 की प्रतिशत वृद्धि
	1994	1995	1996	
1	2	3	4	5
1. मोटर रिक्शा	90	90	90	-
2. दो पहिया वाहन	1020054	1145295	1288411	12.50
3. ऑटो रिक्शा	23168	25218	28272	12.11
4. टैम्पों				
(1) सामान ढोने वाले	1371	1791	2258	26.07
(2) यात्री वाहन	4182	4513	5057	12.05
5. कार एवं स्टेशन वैगन	68881	76940	88746	15.34
6. जीप	55822	62272	71095	14.17
7. ट्रेक्टर	197386	217115	241009	11.01
8. ट्रेलर	42701	43561	45613	4.71
9. टैक्सी	12171	13083	14192	8.48
10. बस व मिनी बस	30870	33302	35627	6.98
11. ट्रक एवं अन्य सामान ढोने वाले वाहन	87232	95039	105285	10.78
12. अन्य	2667	2771	2872	3.64
योग :	1546595	1720990	1928527	12.06

वर्ष 1996-97 में (अप्रेल से दिसंबर, 1996 तक) 13689 सामान ढ़ोने वाले वाहन, 2446 स्टेज कैरिजेज एवं 4583 अनुबंधित वाहनों को स्थायी अनुज्ञा पत्र जारी किये गये। चालू वर्ष में 120.5 कि.मी. क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए 4 नये मार्ग खोले गये हैं।

❖ ❖ ❖

7. सामाजिक आधारभूत विकास

7.1 मानव संसाधन विकास :

शैक्षणिक दृष्टि से राजस्थान एक पिछड़ा हुआ राज्य है। राज्य में कुल साक्षरता का प्रतिशत 38.55 है। इसमें 54.99 प्रतिशत पुरुष तथा 20.44 प्रतिशत महिलाएं साक्षर हैं। महिला साक्षरता की स्थिति विशेष रुप से गंभीर है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र तथा पुरुष एवं महिला साक्षरता की दर के बीच बड़ा अन्तर है।

राज्य में शिक्षा के विकास के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक उपाय किये गये हैं।

14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनिकीकरण राज्य का मुख्य लक्ष्य है। इसके महत्व को स्वीकारते हुए प्राथमिक शिक्षा को न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। सुव्यवस्थित शिक्षा एवं प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण को दृष्टि में रखते हुए, प्राथमिक शिक्षा के लिये एक पृथक निदेशालय की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

इस वर्ष 500 नये प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत किये गये, जिनमें से 182 प्राथमिक विद्यालय खोले जा चुके हैं। प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए 600 प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत किया गया। माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने, प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकीकरण के अन्तर्गत प्रभावी उपलब्धियों के लिए तथा प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु दो बाह्य सहायता परियोजनायें "शिक्षाकर्मी" तथा "लोक जुम्बिश" राज्य में क्रियान्वित की जा रही हैं। लोक जुम्बिश योजना राज्य के 122 कलस्टर एवं 58 खण्डों में चलाई जा रही है। शिक्षाकर्मी योजना के अन्तर्गत 1877 महिला विद्यालय तथा 3520 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में प्रारंभ किये जा चुके हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षाकर्मी विद्यालय/अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर 6 से 14 आयु वर्ग की 83 प्रतिशत लड़कियों का नामांकन किया जा चुका है तथा इनमें 80.20 प्रतिशत औसत हाजरी रही।

वर्ष 1996-97 के दौरान प्रदेश में कार्यरत विद्यालयों की स्थिति निम्नानुसार है।

तालिका 7.1.1

संस्थाऐं	संख्या
1. प्राथमिक विद्यालय	33801
2. उच्च प्राथमिक विद्यालय	12692
3. माध्यमिक विद्यालय	3501
4. सीनियर माध्यमिक विद्यालय	1404

प्राथमिक शिक्षा के लिये बच्चों के प्रवेश में वृद्धि एवं उन्हें अध्ययनरत बनाये रखने हेतु राज्य में लड़कियों के लिये कक्षा एक से आठवीं तक तथा लड़कों के लिये कक्षा एक से पांच तक नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरण की योजना राज्य में क्रियान्वित की जा रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 में 58.50 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित महिलाओं के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए "सरस्वती योजना" क्रियान्वित की जा रही है। इस वर्ष 1996 में 1000 सरस्वती केन्द्र खोलने के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 96 तक 650 सरस्वती केन्द्र खोले जा चुके हैं। अब यह योजना राज्य के समस्त जिलों में लागू कर दी गई है।

गुरू मित्र योजना राज्य के 10 जिलों में शिक्षकों को प्राथमिक स्तर पर प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही है।

वर्ष 1996-97 में पहली से बाहरवीं कक्षा तक के नियमित विद्यार्थियों के लिए ''विद्यार्थी सुरक्षा बीमा योजना'' राज्य में वर्ष 1996 से प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 22.50 लाख रुपये बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग में जमा कराये जा चुके हैं। विद्यार्थियों से इस हेतु कोई प्रीमियम नहीं लिया जावेगा।

पर्याप्त प्रशिक्षित अध्यापकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य में 39 शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय कार्यरत हैं जिनमें इस वर्ष 7241 विद्यार्थियों को शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इनमें 2851 महिला प्रशिक्षणार्थी थीं। इसके अतिरिक्त राज्य में सेवा पूर्व एवं सेवारत शिक्षकों के लिए 27 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थाऐं कार्यरत हैं। राज्य के 156 सीनियर सैकण्डरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की योजना क्रियान्वित की जा रही है।

संस्कृत एवं संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं। भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का सम्पूर्ण-इतिहास तथा भारतीय आध्यात्मवाद एवं ज्ञान विज्ञान सभी कुछ संस्कृत में विद्यमान है। इन सबके संरक्षण एवं संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य सरकार द्वारा संस्कृत शिक्षा के विकास के निरंतर प्रयत्न किये जा रहे हैं। राज्य में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना का एक प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है।

इस वर्ष संस्कृत निदेशालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। माह दिसम्बर, 96 तक 30 नवीन संस्कृत प्राथमिक विद्यालय भी खोले गये। इसके अतिरिक्त 2 शास्त्रीय विद्यालय, 4 उपाध्याय विद्यालय तथा 10 प्रवेशिका विद्यालयों को क्रमोन्नत किया गया।

राज्य सरकार का प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हुए सम्पूर्ण राज्य में अनौपचारिक शिक्षा प्रदान कर रहा है। सम्पूर्ण साक्षरता अभियान को एक महत्वपूर्ण रणनीति के रुप में अपनाया गया है। वर्तमान में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान राज्य के समस्त जिलों में विभिन्न चरणों में हैं। राज्य के सात जिलों (अजमेर, डूंगरपुर, भरतपुर, पाली, टोंक, बांसवाड़ा एवं सीकर) में उत्तर साक्षरता अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस वर्ष 52 लाख पंजीकरण के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 1996 तक सम्पूर्ण साक्षरता/उत्तर साक्षरता अभियान के अन्तर्गत 46.98 लाख अशिक्षित व्यक्तियों का पंजीयन कराया जा चुका है। इनमें से 8.23 लाख उत्तर साक्षरता अभियान के अन्तर्गत तथा 38.75 लाख व्यक्ति सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत पंजीयन किये गये हैं। अब तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 9.10 लाख अनुसूचित जाति के व्यक्ति 11.13 लाख अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति लाभान्वित किये जा चुके हैं।

अनौपचारिक शिक्षा के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चे जो अपनी आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य परिस्थितियों वश औपचारिक शिक्षा के लिए विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के लिये जाने की स्थिति में नहीं हैं उनके लिए राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वर्ष 1996-97 में दिसम्बर के अन्त तक 17,207 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र कार्यरत थे। इस वर्ष अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत 5.65 लाख बच्चों के पंजीयन लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 1996 तक 5.02 लाख बच्चों का पंजीयन किया जा चुका है जिसमें 2.18 लाख लड़के तथा 2.84 लाख लड़कियां हैं।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य में 6 विश्वविद्यालय (कृषि विश्वविद्यालय को सम्मिलित करते हुए), 4 विश्वविद्यालय समकक्ष संस्थाऐं, 211 महाविद्यालय/अनुसंधान संस्थाऐं (83 स्नातकोत्तर महाविद्यालय, 128 स्नातक स्तर के महाविद्यालय) राज्य में कार्यरत हैं।

इस वर्ष 3 महिला महाविद्यालय (दौसा, सवाई माधोपुर व डुंगरपुर) व 2 सहशिक्षा महाविद्यालय (नोखा व मेड़ता सिटी) में खोले गये हैं। राजकीय महाविद्यालय नीम का थाना को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत किया गया। स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर पर 14 नये विषय आरंभ किये गये।

शिक्षा सत्र 1995-96 में उच्च शिक्षा के अन्तर्गत 1,45,000 छात्रों ने शिक्षा प्राप्त की थी। वर्ष 1996-97 में यह संख्या बढ़कर लगभग 1,71,500 लाख हो गयी है। छात्राओं की संख्या जो वर्ष 1995-96 में 44,000 थी वह वर्ष 1996-97 में बढ़कर 52,800 हो गयी जो कि अध्ययनरत छात्राओं की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

राज्य का तकनीकी शिक्षा निदेशालय प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं एवं पोलिटेक्निक विद्यालयों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवा रहा है।

7.2 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

राज्य का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग छूत एवं अन्य बीमारियों पर नियंत्रण एवं उनके उन्मूलन तथा उपचारात्मक एवं निरोधात्मक सेवायें उपलब्ध करवाने का कार्य कर रहा है। राज्य में कार्यरत ऐलोपैथिक चिकित्सा संस्थाओं का विवरण निम्न प्रकार है:

तालिका 7.2.1

क्र.सं.	संस्थायें	संख्या
1.	चिकित्सालय	219
2.	औषधालय	278
3.	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	1616
4.	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	261
5.	मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र	118
6.	सहायता केन्द्र (शहरी)	13
7.	उप केन्द्र	9400
8.	अन्तर्रोगी शैयायें	36702

वर्ष 1996-97 के दौरान "कुष्टता निवारण कार्यक्रम" के अन्तर्गत निर्धारित 700 लक्ष्यों के विरुद्ध 598 रोगियों की पहचान की गई। "क्षय रोग निवारण" कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर, 1996 के अन्त तक 45,000 क्षय रोगियों की पहचान के लक्ष्य के विरुद्ध 51749 नये रोगियों की पहचान की गई। "अन्धता निवारण कार्यक्रम" के अन्तर्गत जनवरी, 1996 तक 92961 व्यक्तियों की आंखों के ऑपरेशन किये गये। "मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम" के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के दौरान 44 लाख रक्त पट्टिकाओं के संकलन एवं परीक्षण के लक्ष्यों के विरुद्ध (माह दिसम्बर, 96 तक) 65.91 लाख रक्त पट्टिकाओं का संकलन एवं परीक्षण किये गये हैं। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर, 96 तक 82591 व्यक्तियों के रक्त की जांच की गई।

शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण रखने एवं गंभीर रोगों से बचाव हेतु राज्य में एक "सघन बाल टीकाकरण कार्यक्रम" चलाया जा रहा है, जिसकी प्रगति निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गई है।

तालिका 7.2.2

मद		लक्ष्य	उपलब्धि (माह जनवरी, 1997 के अन्त तक)
1.	डी.पी.टी. टीकाकरण	15,66,100	10,64,214
2.	बी.सी.जी. टीकाकरण	15,66,100	11,51,793
3.	खसरा टीकाकरण	15,66,100	9,88,814
4.	टिटनस इन्जेक्शन	17,47,200	10,58,422

पोलियो के सम्पूर्ण उन्मूलन जो कि राष्ट्रीय उद्देश्य है, की प्राप्ति हेतु चालू वर्ष के दौरान "पल्स पोलियो" के विशेष अभियान दो चरणों में क्रमशः 7 दिसम्बर, 1996 एवं 18 जनवरी 1997 को चलाया गया।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना (स्कीम) के अन्तर्गत, राज्य के विभिन्न उद्योगों एवं फैक्ट्रियों में कार्यरत मजदूरों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु जयपुर, कोटा एवं जोधपुर में तीन अस्पताल तथा विभिन्न स्थानों पर 60 औषधालय एवं एक होम्योपैथिक डिस्पेंसरी कार्यरत है। वर्ष 1996-97 में माह नवम्बर, 96 तक 15.81 लाख बहिरंग तथा 7846 अन्तरंग रोगियों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया (प्रदान) कराई गयी।

आयुर्वेद :

वर्तमान में आयुर्वेद विभाग के अन्तर्गत 3705 अस्पताल/डिस्पेंसरी कार्यरत हैं। चिकित्सा पद्धतिवार एवं श्रेणीवार विवरण निम्न प्रकार हैं।

तालिका 7.2.3

चिकित्सा पद्धति	अ श्रेणी चिकित्सालय		अ श्रेणी औषधालय		बी श्रेणी औषधालय		योग		महा योग
	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	
1. आयुर्वेद	22	56	493	70	2784	86	3299	212	3511
2. होम्योपैथी	-	2	-	7	54	47	54	56	110
3. यूनानी	-	3	3	6	36	32	39	41	80
4. प्राकृतिक चिकित्सालय	-	2	-	-	1	1	1	3	4

इसके अतिरिक्त 5 चल आयुर्वेदिक चिकित्सा इकाईयां कोटा, बांसवाड़ा, बाड़मेर, जैसलमेर तथा बीकानेर जिलों में कार्यरत हैं। आयुर्वेद विभाग में एक 200 शैयाओं युक्त चल शल्य चिकित्सा इकाई, अजमेर, मुख्यालय पर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विशिष्ट बीमारियों के उपचार हेतु कार्यरत हैं।

राज्य में 4 आयुर्वेदिक रसायन शालायें अजमेर, जोधपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में कार्यरत हैं। जहां औषधियों का निर्माण कर उन्हें आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक अस्पतालों/औषधालयों को उपलब्ध करवाया जाता है।

7.3 परिवार कल्याण :

छोटे परिवार के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण राज्य में सघन परिवार कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत वर्ष 1996-97 में लक्ष्य विहिन नवीन पद्धति को अपनाया गया है। माह दिसम्बर, 1996 के अन्त तक 73,071 नसबन्दी, 1,15,670 लूप प्रविष्टि का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त 3,40,486 गर्भ निरोधक गोलियां वितरित की गई तथा 5,24,152 निरोध वितरित कियें गये, जिससे संरक्षित दंपत्तियों की संख्या में आशातीत वृद्धि होगी।

जन्म दर पर नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन के साधन प्रत्येक उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, औषधालय व चिकित्सालय पर उपलब्ध करवाये गये हैं व इसी के साथ प्रत्येक गांव में गर्भ निरोधक वितरण केन्द्र भी खोले जा रहे हैं। गर्भ निरोधकों के सामाजिक विपणन एवं सामुदायिक आधार पर गर्भ निरोधकों के वितरण की योजना पर विशेष बल दिया जा रहा है। "जनमंगल" योजना का राज्य के समस्त जिलों में विस्तार किया जा चुका है। राज्य में अपनायी गई परिवार कल्याण की नवीन पद्धति जन्म दर एवं शिशु मृत्यु दर की कमी में सहायक होगी।

राजलक्ष्मी बॉण्ड स्कीम का माह जून, 96 से सरलीकरण किया गया है जिसमें पति-पत्नी की निर्धारित आयु की सीमा को समाप्त कर दिया गया है एवं उसके लिए बॉण्ड की राशि 1500/- रुपये निर्धारित कर दी गई है। इस योजना के तहत वर्ष 1992-93 से 48,229 परिवारों को लाभान्वित किया गया। राज्य के दो जिलों टोंक एवं दौसा में परिवार कल्याण कार्यक्रम को नई दिशा देने हेतु "विकल्प" योजना चालू की गई है।

7.4 जल आपूर्ति :

भौगोलिक विषमताएं एवं भू-जल तथा सतही जल की सीमित उपलब्धता के कारण राज्य में सुरक्षित पेयजल की विकट समस्या है। राज्य सरकार जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के कार्य को उच्च प्राथमिकता दे रही हैं।

वर्ष 1996-97 में राज्य में पेयजल आपूर्ति हेतु राज्य योजनान्तर्गत 301.80 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें से 157.30 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्रों एवं 144.50 करोड़ रुपये ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित किये गये हैं।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान के लिये अथक प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 1995-96 तक जल आपूर्ति के विभिन्न साधनों जैसे ट्यूबवेल, हैण्डपम्प आदि तथा परम्परागत जल स्रोतों एवं जल आपूर्ति योजनाओं के माध्यम से 37274 गांवों को सुरक्षित पेयजल योजना के अन्तर्गत लिया गया है। वर्ष 1996-97 में 500 आबादी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लक्ष्यों के विरुद्ध माह दिसम्बर, 1996 तक 92 घनी आबादी क्षेत्रों, 2690 अन्य आबादी क्षेत्रों एवं 553 आंशिक पेयजल सुविधा वाले गांवों में पूर्ण रुप से पेयजल आपूर्ति करवा दी गई है।

7.5 आवास :

जनसंख्या में तेजी से वृद्धि व उपलब्ध सीमित साधनों के कारण आवास की समस्या राज्य में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस समस्या के समाधान हेतु राजस्थान आवसन मण्डल राज्य के कमजोर वर्गों, कम आय वर्ग व मध्यम आय वर्ग को मकान उपलब्ध करवा रहा है। आवासन मण्डल की स्थापना से नवम्बर, 96 तक राजस्थान आवासन मण्डल में पंजीकृत आवेदकों की संख्या 207,538 थी। राजस्थान आवासन मण्डल की गतिविधियों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :

तालिका 7.5.1

गतिविधियां	प्रारम्भ से 30.11.96 तक की उपलब्ध	वर्ष 1996-97	
		लक्ष्य	उपलब्धियों 30.11.96 तक
1. निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये मकान	143612	9525	1141
2. पूर्ण निर्मित मकान	137996	5933	850
3. आवंटित मकान	133114	-	1867
4. मकानों का कब्जा दिया	118572	9050	2573
5. निर्माणाधीन मकान (नवम्बर 96)	5616	-	-

7.6 पिछड़ी जातियों का कल्याण :

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को शैक्षणिक विकास के लिये नि:शुल्क छात्रावास, छात्रवृत्ति, बुक बैंक योजना एवं क्षतिपूर्ति भत्ता आदि की सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य में इन वर्गों के लिये विभाग द्वारा कुल 611 छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं जिसमें वर्ष 1996-97 में 20 नये खोले गये छात्रावास भी सम्मिलित है। इनके माध्यम से राज्य के 21298 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है।

वर्ष 1996-97 में 67 सम्बल गांवों में आधारभूत सुविधायें विकसित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा 50 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत "अनुसूचित जाति को न्याय" के तहत वर्ष 1996-97 में 1.95 लाख अनुसूचित जाति के परिवारों के लक्ष्य के विरुद्ध माह दिसम्बर, 1996 के अन्त तक 110774 अनुसूचित जाति के परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है।

राज्य में जनजातीय क्षेत्रीय विकास एवं अन्य विभागों द्वारा जनजातियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिये विभिन्न विकास योजनाऐं क्रियान्वित की जा रही हैं। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़, उदयपुर और सिरोही जिलों की 23 पंचायत समितियों को मिलाकर जनजाति उपयोजना क्षेत्र घोषित किया गया है। वर्ष 1991 की जनगणनानुसार राज्य की कुल जनजातीय जनसंख्या 54.75 लाख है, जिसमें से 24.01 लाख जनसंख्या जनजातीय उपयोजना क्षेत्र में निवास करती है।

अनुसूचित जनजाति के कल्याण एवं विकास के लिए 1996-97 में कुल 45671.80 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है इसमें से 34221.67 लाख रुपये राज्य योजना में, 2040.30 लाख रुपये विशेष केन्द्रीय सहायता 1290.72 लाख रुपये संस्थागत वित्त एवं 8119.11 लाख रुपये केन्द्र प्रवर्तित योजना अन्तर्गत रखे गये है।

वर्ष 1996-97 में 45671.80 लाख रुपये के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध माह दिसम्बर, 1996 तक 20966.81 लाख रुपये व्यय किये जा चुके हैं। वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर, 1996 तक जनजाति उपयोजना क्षेत्र में विभिन्न मदों पर आवंटित एवं व्यय की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है।

तालिका 7.6.1

(लाख रुपये)

मद	आवंटन	व्यय (दिसम्बर 1996 तक)
1. कृषि एवं संबद्ध सेवायें	4993.13	1624.56
2. ग्रामीण विकास	8619.82	2896.31
3. सिंचाई	6789.46	4389.14
4. विद्युत	9228.85	4707.40
5. उद्योग एवं खनिज	1378.23	489.30
6. परिवहन एवं संचार	2175.74	750.46
7. वैज्ञानिक सेवायें	42.98	9.73
8. सामाजिक एवं सामुदायिक सेवायें	12165.53	6030.46
9. आर्थिक सेवायें	155.13	29.97
10. सामान्य सेवायें	122.93	39.52
योग :	**45671.80**	**20966.85**

7.7 समाज कल्याण :

समाज कल्याण विभाग द्वारा महिला, बालकों एवं विकलांगों के कल्याण, वृद्धावस्था एवं अपाहिज पेंशन, परीवीक्षा सेवायें एवं किशोर बाल अधिनियम संबंधी विभिन्न योजनायें एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

विकलांगों के शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास हेतु विभिन्न आर्थिक सहायता सहित विभिन्न सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को सुविधायें प्रदान करने हेतु उनको चिन्हित कर परिचय पत्र जारी करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रायोगिक तौर पर जयपुर जिले के विकलांगों को परिचय पत्र वितरण करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

समाज के कमजोर वर्ग जैसे - बच्चे, महिलाऐं एवं विकलांग के जीवन स्तर को सुधारने के लिये विभिन्न कार्यक्रम क्रियान्वित किये जा रहे हैं।

7.8 महिला एवं बाल कल्याण :

समन्वित बाल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के समस्त 31 जिलों में 191 ग्रामीण एवं शहरी बाल विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से 5 बाल विकास परियोजना संचालित की जा रही हैं। पोषाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति निम्नानुसार है।

तालिका 7.8.1

(लाख रुपये)

क्र.सं.	योजना मद	प्रावधान 1996-97	व्यय (दिसम्बर 1996 तक)
1.	केन्द्र प्रवर्तित योजना	3749.11	2005.73
2.	राज्य आयोजना	1650.00	654.30

वर्ष 1996-97 में माह दिसम्बर तक पोषाहार कार्यक्रम के तहत 11.42 लाख बच्चों एवं शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत 5.93 लाख बच्चों को लाभान्वित किया गया है।

महिलाओं के कल्याण हेतु राज्य में विभिन्न योजनाऐं यथा महिला मण्डल, किशोर बालिका योजना तथा द्वाकरा आदि क्रियान्वित की जा रही हैं।

❖ ❖ ❖

8. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

